डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

04 जुलाई 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

25 अधिकतम

18 न्यूनतम



Page-7

## सीएम यादव ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान, अपने स्कूली दिन याद किए

# 94 हजार छात्रों को मिला भविष्य निर्माण का औजार, लैपटॉप खरीद के लिए 235 करोड़

भोपाल दोपहर मेट्रो

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज मेधावी छात्रों के बीच पहुंचकर फिर अपने स्कूली दिनों की यादों में पहुंच गये। उन्होंने चालीस पचास साल पहले के स्कूली दिनों का शब्दचित्र खींच दिया। उन्होंने कहा कि तक के टाट-पट्टी वाले स्कूलों से लेकर आज तक बहुत बदलाव आया है। दरअसल सीएम आज 94,234 मेधावी छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करने के लिये आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह राशि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत दी गई है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री यह राशि वितरित की व छात्रों का सम्मान किया। सीएम यादव ने कहा कि यह सिर्फ ट्राफी नहीं बल्कि भविष्य निर्माण का औजार भी है। सरकार मेडिकल पढाई के लिये 80 लाख रूपये तक छात्रों पर खर्च



कर रही है। मेधावी छात्रों को लैपटॉप खरीद के लिये दी जाने वाली राशि सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि प्रदेश की मेधा शक्ति को सम्मान देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के युग में तकनीक सफलता की कुंजी है, और एक लैपटॉप छात्रों को भविष्य संवारने में मदद कर सकता है। उल्लेखनीय है कि इस योजना पर सरकार कुल 238 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह के अलावा छात्र व शिक्षक भी मौजूद रहे।

### अगली मर्तबा सीधे लैपटॉप देने का प्रयास

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, कई बार देखा गया है कि छात्रों के परिवार लैपटॉप राशि को दूसरे कार्यों में खर्च कर देते है। ऐसे में हम कोशिश करेंगे कि अगले साल से सीधे अच्छी कंपनी के लैपटॉप दिए जाए। सीएम ने बताया कि इस साल योजना के लाभार्थियों में 60 फीसदी बेटियां हैं। यह एक सकारात्मक संकेत है कि बेटियां न केवल बराबरी कर रही हैं, बल्कि पढ़ाई में आगे भी निकल रही हैं। अब बेटों को अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी। यादव ने कहा कि इस बार 52 प्रतिशत लाभार्थी सरकारी स्कूलों से हैं, जबकि 48 प्रतिशत प्राइवेट स्कूलों से। यह पहली बार है जब सरकारी स्कूलों के बच्चों का प्रतिशत प्राइवेट स्कूलों से अधिक रहा है। यह उपलब्धि स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षकों और माता-पिता के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।

## बाढ़ से डूबे हैं गांव, जीवन अस्त व्यस्त

# मानसून: बद्री-केदारनाथ का रास्ता बंद, कई राज्यों में हालात खराब



देहरादून एजेंसी

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है। जबकि हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश और लैंडस्लाइड से अब तक 37 लोगों की जान जा चुकी है और करीब 400 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा असर मंडी जिले में पड़ा है जहां सड़कें बंद हैं और जरूरी सेवाएं ठप हैं। ओडिशा में स्ट्रॉन्ग सिस्टम से बालासोर जिले में बाढ़ से हालात गंभीर बने हुए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून पूरी तरह एक्टिव मोड में है। महाराष्ट्र-राजस्थान समेत 13 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### मप्र में 8 इंच बारिश की चेतावनी

मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम आज भी एक्टिव है। कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। मंडला के कई गांवों में बाढ़ है। यहां आज भी अति भारी बारिश की स्थिति है। आज जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, श्योपुर, शिवपुरी और गुना में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। अगले 4 दिन मप्र में भारी बारिश के आसार हैं।

## सोनम का दशाश्वमेध घाट पर महिलाओं ने किया पिंडदान



**वाराणसी एजेंसी।** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर रघुवंशी समाज की महिलाओं ने इंदौर निवासी सोनम रघुवंशी का जीते जी पिंडदान कर दिया। उन्होंने कहा कि पति को मारने वाली इस महिला को नर्क में भी जगह नहीं मिलेगी। महिलाओं ने सोनम रघुवंशी का पिंडदान कर पोस्टर को गंगा में नहीं बहाया, उसको आग लगा दी। नाराज महिलाओं का मानना था कि इसको गंगा में बहाया, तो वह अपवित्र हो जाएंगी। अपने पति को मारने वाली महिला को समाज में रखना गलत होगा। ऐसा कृत्य करने वाली को समाज से बाहर करना सही फैसला होगा।

## मप्र : ओबीसी आरक्षण सीमा मामले पर सुप्रीम सुनवाई



**नई दिल्ली एजेंसी।** मप्र में अन्य पिछड़े वर्गों को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी आरक्षण देने के कमलनाथ सरकार के फैसले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। इससे पहले बीते 25 जून को सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार को 4 जुलाई तक जवाब पेश करने के आदेश दिए थे। माना जाता है कि सरकार अपना जवाब पेश करेगी कि 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू होने से कुल आरक्षण की सीमा 50 फीसदी को क्रॉस नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी वर्ग के याचिकाकर्ता ने विधानसभा द्वारा 2019 में पारित कानून को लागू करने का आग्रह किया है।

## आज शाम बड़े जलसे में करेंगे दस्तखत

# अंततः ट्रंप का बिग ड्रीम ब्यूटीफुली पारित हुआ



वाशिंगटन एजेंसी

अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स से आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का टैक्स और खर्च में कटौती करने वाला बिग ब्यूटीफुल बिल पास हो गया। इस बिल के सपोर्ट में 218, तथा विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। ट्रम्प की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक ने इस बिल के खिलाफ वोट दिया। इसी बिल को लेकर ट्रम्प और इलॉन मस्क ने एक दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रम्प आज शाम 5 बजे अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस पर एक बड़े और शानदार समारोह में इस बिल पर साइन करेंगे।

गौरतलब है कि यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था। उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस बिल को लेकर निर्णायक वोट डाला था। उधर इलॉन मस्क ने ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की थी। मस्क ने शनिवार को ङ्क पर लिखा था- ट्रम्प का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा।% मस्क ने कहा, %यह पूरी तरह पागलपन से भरा और विनाशकारी है। यह कानून पुराने उद्योगों को रियायत देता है, लेकिन भविष्य के उद्योगों को तबाह कर देगा।इस बिल को लेकर उन्होंने गवर्नमेंट एफिशिएंसी विभाग के प्रमुख पद से इस्तीफा दिया था।जबकि मस्क की बातों के बाद ट्रम्प ने कहा था- अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा।

## सीतारमण का नाम उभरा

# पहली बार भाजपा की कमान थामेगी महिला!

नई दिल्ली एजेंसी



राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में करीब ढाई साल की देरी कर चुकी भाजपा अब इसी महीने यह काम पूरा करने की कोशिश में हैं। लगातार बैठकें हो रही हैं और नाम तलाशे-छांटे जा रहे हैं। भाजपा के ज्यादातर राज्यों को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल चुका है और नई कार्यकारिणी तय हो चुकी है।यही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भूमिका निभाएंगे। अब खबरें हैं कि भाजपा को पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकती है। इसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारण का नाम सबसे तेजी से उभरा है। उनकी हाल ही में पार्टी के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से भाजपा मुख्यालय में मुलाकात हुई है। तर्क दिया जा रहा है कि दक्षिण भारतीय होने की वजह से वह महिलाओं में पहली पसंद हो सकती हैं। यही नहीं, 33 फीसदी महिला आरक्षण के बाद वे भाजपा के वादे में भी फिट बैठती हैं। उनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री डी पुरंदेश्वरी का नान भी है। यह नाम भाजपा के दक्षिण में पैर जमाने की कोशिशें से मेल खा रहे हैं,हालांकि अंतिम तौर पर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

## दिन में सीएम के लिए काम, रात में... भाजपा नेता की अभद्र टिप्पणी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा एमएलसी एन रवि कुमार ने एक बेहद विवादित बयान दिया है, उन्होंने मुख्य सचिव शालिनी रजनीश पर टिप्पणी करके विवाद पैदा कर दिया है। रविकुमार ने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान यह कहा कि मुख्य सचिव रात में राज्य सरकार के लिए काम करती हैं और दिन में मुख्यमंत्री के लिए। उन्होंने यह बात मुस्कुराते हुए कही। यह घटना तब हुई जब विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवादी नारायणस्वामी, डीसीपी करिबसवाना गौड़ा से बात कर रहे थे। यहां भाजपा नेता वहां एक विरोध प्रदर्शन के लिए जमा थे। वीडियो में डीसीपी गौड़ा को रवि कुमार की टिप्पणी पर मुस्कुराते हुए देखा गया। मंत्री प्रियांक खरगे ने इस टिप्पणी पर कहा कि यह कोई अजीब बात नहीं है, यह उनकी मानसिकता है। यह सब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में सिखाया जाता है।





## मोदी के स्वागत में 38 मंत्रियों समेत पहुंची पीएम




**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय कैरिबियाई देश त्रिनिदाद एवं टोबैगो के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का दूसरा चरण है। राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन के पियार्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत व गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमलाप्रसाद बिसेसर पूरी कैबिनेट के साथ एयरपोर्ट पर मौजूद रहीं। उनके 38 मंत्री और चार सांसद मौजूद थे। खुद पीएम कमला ने पारंपरिक भारतीय परिधान साड़ी पहनी थी। उनके कई मंत्री और सांसद भी भारतीय परिधानों में नजर आए। वहां के भारतीय समुदाय ने तिरंगा झंडा लहराकर और पारंपरिक लोकगीत गाकर पीएम मोदी का स्वागत किया।

## अब टुकड़ों में जाएगा ब्रिटेन का फाइटर जेट

**तिरवंनतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट अभी भी केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। कई बार रिपेयरिंग के बावजूद विमान उड़ान भरने की स्थिति में नहीं आ पा रहा है। ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम इसे ठीक करने आई, लेकिन अब तक मरम्मत सफल नहीं हो सकी तो यह संभव है कि इस फाइटर जेट को टुकड़ों में मिलिट्री कार्गो एयरक्राफ्ट के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा। इस फाइटर जेट की 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। बताया जाता है कि 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।



## अंतरिक्ष में शुभांशु ने मनाया वीक-ऑफ



**नई दिल्ली।** निजी स्पेस कंपनी के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक सप्ताह पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने यहां कई शोध किए हैं। बुधवार को छुट्टी के दिन शुभांशु ने पृथ्वी पर अपने परिजनों से बात की। इसके बाद शोध कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी की। एक्सिओम स्पेस ने अपने आधिकारिक ब्लॉग में कहा मिशन चालक दल के कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ सुवे उज़्नानस्की-विस्नीवस्की और टिबोर कापू ने 26 जून को डॉकिंग के बाद से बुधवार के अंत तक अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के चारों ओर लगभग 113 परिक्रमाएं पूरी कर चुके हैं। कल चालक दल ने ऑफ-ड्यूटी दिन का आनंद लिया। इससे उन्हें रिचार्ज करने और पृथ्वी पर परिवार और दोस्तों से जुड़ने का मौका मिला। आज से चालक दल वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन में फिर जुट गया है।

## मेट्रो एंकर

### कर्मचारियों की वर्क लाइफ बैलेंस पर फिर 'बहस का मंच' सजा

# मूर्ति का मंत्र 70 घंटे काम, कंपनी कह रही- थोड़ा करें आराम !

बेंगलूर, एजेंसी


आईटी कंपनी इंफोसिस अपने कर्मचारियों को ओवरटाइम से बचने और वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखने की सलाह दे रही है। कंपनी ने वर्क फ्रॉम होम के दौरान ज्यादा घंटे काम करने वाले कर्मचारियों को पर्सनल ईमेल भेजकर सतर्क कर रही है। जबकि इससे पहले कंपनी के फाउंडर नारायण मूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था- युवाओं को यह समझना होगा कि हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और भारत को नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना होगा।

अब खबरों की मानें तो इसके ठीक विपरीत अब उनकी कंपनी ने एक इंटरनल कैंपेन शुरू किया है। कर्मचारियों के ऑफ़िस में बिताए गए समय को ट्रैक किया जा रहा है। ट्रैकिंग की



जिम्मेदारी एचआर डिपार्टमेंट को दी गई है। कर्मचारियों को बार-बार निर्देश दिया जा रहा है कि वो तय घंटों तक ही काम करें। इंफोसिस की एचआर टीम उन कर्मचारियों को स्वास्थ्य से जुड़ी रिमाइंडर ईमेल भेजती है जो औसत घंटों से ज्यादा वक्त ऑफ़िस में बिता रहे हैं। हर किसी को हफ़्ते में पांच दिन और हर दिन 9.15 घंटे काम करने की हिदायत दी जा रही है। ईमेल में वर्क लाइफ़ बैलेंस बनाए रखने की ज़रूरत पर बात होती है। कंपनी इसे न सिर्फ़ व्यक्तिगत भलाई के लिए, बल्कि लॉन्ग-टर्म प्रोफेशनल इफेक्टिवनेस के लिए भी ज़रूरी बताती है। इतना हीं नहीं बल्कि इंफोसिस के कर्मचारियों को नियमित रूप से ब्रेक लेने के लिए कहा जा रहा है। अगर वे परेशान हैं तो चिंता न करने, ज़रूरत पड़ने पर काम के सिलसिले में दूसरों से मदद लेने की बात की जा रही है। बताया जाता है कि इंफोसिस ने हाइब्रिड वर्क पॉलिसी लागू की है, जिसमें हर कर्मचारी को महीने में कम से कम 10 दिन ही ऑफिस आना जरूरी है। कंपनी का मानना है कि लगातार ओवरटाइम, अनियमित शेड्यूल और खराब लाइफस्टाइल से कर्मचारियों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

### अडाणी ने कहा था..तो बीबी भाग जाएगी



कर्मचारी की वर्क-लाइफ में बैलेंस पर कुछ समय पहले टाप उद्योगपति गौतम अडाणी ने कहा था कि 'आपका वर्क-लाइफ बैलेंस थोपा नहीं जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने परिवार के साथ चार घंटे बिताता है और उसमें आनंद पाता है, या कोई अन्य व्यक्ति आठ घंटे बिताता है और उसमें आनंद लेता है, तो यह उसका बैलेंस है। इसके बावजूद यदि आप आठ घंटे बिताते हैं, तो बीवी भाग जाएगी।' तब अडाणी बोले थे कि संतुलन तब महसूस होता है जब कोई व्यक्ति वह काम करता है जो उसे पसंद है। अडाणी का यह बयान इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति के सप्ताह में 70 घंटे काम करने वाले डिबेट के बीच आया था।



अभी तो पूरा सीजन बाकी, बारिश नहीं होने वाले समय में धूल का स्तर बढ़ाएगा परेशानी

# पहली ही बारिश में जवाब दे रही सड़कें

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**सड़कें पहली ही बारिश में जवाब देने लगी है। एक से दूसरी छोर तक सड़कों पर गिट्टियां निकलनी शुरू हो गई है। कुछ क्षेत्रों में तो गढ्ढे हो गए है। वाहनों की अभी से फजीहत हो ही है। जैसे ही बारिश थमेगी और मौसम खुलेगा, धूल का स्तर लोगों को परेशानी में डालेगा।**

विशेषज्ञों की माने तो सड़कें दो तरह से इंसानों को कमजोर करती हैं एक तो खराब सड़कों पर चलने से शरीर में कई तरह की असुविधा होती है, डॉक्टरों के पास भागना पड़ता है। जहां जाने के लिए निकले होते हैं, वहां पहुंचने में समय भी लग जाता है। इसके अलावा जिस वाहन से चलते हैं, वह भी खराब सड़कों की वजह से खस्ताहाल होने लगता है, बार–बार काम मांगता है और इस तरह से संबंधित लोगों का समय और रुपए दोनों बर्बाद होते हैं।

## दोपहर मेट्रो ने पहले ही चेताया था

सड़कों की हालत खराब होगी, इसको लेकर दोपहर मेट्रो ने पहले ही जिम्मेदारों को चेताया था। जून 2025 के शुरुआत में मुद्दा उठाया था कि सड़कों के किनारे पर नालियां नहीं हैं, कई स्थानों पर सड़कों के बीच का हिस्सा उंचा नहीं किया। जिसकी वजह से सड़कों पर पानी थमेगा और सड़कें बर्बाद होंगी, तब भी जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। तब यह भी बताया था कि डॉ. आंबेडकर ब्रिज पर पानी भर गया है, जो कि नया ब्रिज है। राहगीर परेशान हो रहे हैं। सीमेंट का इंस्ट्रक्चर लंबे समय तक पानी में रहने से खराब होगा। सड़कों के खराब होने से कई नुकसान होते है। इनमें सबसे बड़ा नुकसान तो वायु प्रदूषण के रूप में सामने आता है। बारिश बंद होते ही ठंड का सीजन शुरू होता है, तब नमी रहती है। नमी में खराब सड़कों से फैलने वाली धूल के कण भारी हो जाते हैं जो वातावरण में निचले स्तर पर रहते हैं और सीधे लोगों द्वारा ली जाने वाली श्वास के साथ शरीर के अंदर जाकर नुकसान पहुंचाते हैं। इस स्थिति के कारण राष्ट्रीय स्तर पर कई बार मप्र की छवि प्रभावित हुई है।



## अनदेखी पर दिलाया था ध्यान

- » नर्मदापुरम रोड पर प्रधान मैरिज गार्डन से 11 मिल बायपास के लिए 80 फिट रोड जाता है, यह पूरी तरह सीमेंट कांक्रीट से बना है, जो करीब 5 साल तक काम के बाद बनाया गया। इसमें जगह–जगह पानी थम रहा है।
- » चेतक ब्रिज से 11 मिल तक मुख्य मार्ग पर करीब 500 स्थानों पर पानी थम जाता है। सड़क के किनारे नालियां भी नहीं है, बारिश का पानी घंटों थमा रहता है। यह पूरा रोड डामर से बना हुआ है।
- » बोर्ड आफिस से लेकर ज्योति चौराहे तक ढलान वाला हिस्सा है, यहां पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण घंटों पानी थमा रहता है।
- » सुभाष स्मृति भवन से कर्मचारी चयन मंडल के बीच वाले मार्ग पर नालियों के नाम पर खानापूर्ति की है, जगह–जगह होल बंद है।पानी ठीक से पास नहीं होता।

राजधानी समेत शहरों में विकास कार्यों को लेकर कवायद

# अब शहरी लाडली बहनों को आवास भी देगी सरकार बड़े बिल्डर्स की होगी एंट्री



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राजधानी को संवारने के लिए बडे पैमाने पर नए निर्माण की योजना बन रही हैं और देश के बडे बिल्डर व कालोनाइजरों को सरकार यह काम देना चाहती है। दरअसल भोपाल समेत शहरों में नगरीय विकास विभाग के कामों की उच्चस्तरीय समीक्षा की गई है। मुख्यमंत्री यादव ने इस बैठक में कहा है कि बड़े तालाब के पास अवैध निर्माण का सर्वे किया जाए और वहां के अवैध निर्माण तोड़े जाएं। शहरों में झुग्गी बस्तियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगरीय आवास और विकास विभाग किफायती और सुविधाजनक आवास विकसित करने की कार्ययोजना बनाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कॉलोनियों के विकास में देश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स और कॉलोनाइजर्स को जोड़ा जाए। शहरी इलाकों की एक करोड़ 30 लाख लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ आवास दिए जाएंगे।

अपने आवास पर नगरीय विकास विभाग के कामों की समीक्षा करते हुए सीएम यादव ने कहा कि झुग्गी-बस्तियों को कंट्रोल करने के लिए लोगों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति का आकलन करें और किफायती, सुविधाजनक आवास सुविधा विकसित करने कार्ययोजना बनाई जाए। नगरीय इलाकों में पार्कों को विकसित करने और विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी आवासीय परियोजनाओं में पौधरोपण को प्रोत्साहित किया जाए तथा भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का सर्वेक्षण कराकर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने धार्मिक क्षेत्रों में दीनदयाल रसोई योजना के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सरकारी मदद के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं और निजी दानदाताओं की मदद ली जाए। शहरी क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय के स्वसहायता समूह तैयार कर उन्हें आधुनिक लांड्री शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए।

इस बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन शहरों के विकास में एकीकृत विकास की योजना तैयार की जा रही है। चित्रकूट नगर में 2800 करोड़ रुपए की कार्य-योजना तैयार की गई है, जिसमें नगरीय विकास विभाग द्वारा 800 करोड़ रुपए का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में रीडेंसीफिकेशन परियोजनाओं की संभावना को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड को निर्देश दिए गए हैं।

### 2027 तक मेट्रो पूरी तरह संचालित होंगी

इस बैठक में बताया गया कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों की एक करोड़ 30 लाख लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ आवास दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 में 8 लाख 55 हजार आवास बनकर तैयार हो गए हैं। दूसरे चरण में अब तक 4 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो गए हैं। संकल्प बिन्दु के अनुसार वर्ष 2027 तक भोपाल और इंदौर मेट्रो लाईन का पूर्ण संचालन किया जाएगा।

# कई राज्यों के युवा आएंगे भोपाल गायत्री परिवार लगाएगा शिविर



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राजधानी में आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक अखिल विश्व गायत्री परिवार तीन दिवसीय युवा शिविर लगाएगा। इसकी रूपरेखा गायत्री शक्तिपीठ में तैयार की गई है। इस दौरान बताया गया कि शिविर शारदा विहार आवासीय विद्यालय, नीलबड़ में लगेगा। जिसमें 3 हजार से ज्यादा अन्य राज्यों के युवा भाग लेंगे। शिविर का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित है।

इस आयोजन को लेकर संगठन कार्यकर्ता केदार प्रसाद दुबे ने बताया कि अगले साल 2026 में अखिल विश्व गायत्री परिवार की गुरुमाता वंदनीया भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी और अखण्ड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एक विशाल आयोजन की योजना बनाई जा रही है। इसमें संगठन के संचालक डॉ. प्रणव पंड्या के निर्देशन में अगले 24 वर्षों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसके लिए सशक्त युवा नेतृत्व का निर्माण आवश्यक है। शिविर के तहत युवाओं को समाज सुधार से जुड़े मुद्दों जैसे नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान और बेहतर सेहत आदि के लिए प्रेरित किया जाएगा। संगठन का मानना है कि यह शिविर युवाओं को राष्ट्र हित के लिए तैयार करेगा।

# चेक पोस्ट आतंक से बचाने ट्रक ड्राइवर्स ने शुरू किया ऑपरेशन सारथी

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

ट्रक चालकों ने भी चेक पोस्टों पर हो रही अवैध वसूली, प्रताड़ना और अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ लामबंदी शुरू कर दी है। इसके लिये भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा, शिवाजी वाहन चालक एंड संचालक एसोसिएशन, नागपुर और गोपाल परिवार फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन सारथी' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत संगठन के पदाधिकारी भोपाल पहुंचे। संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, प्रहलाद अग्रवाल और दिनेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक धुरी ट्रक ड्राइवर हैं। अगर वे भय, तनाव और शोषण से मुक्त रहेंगे तो देश का विकास और तेज होगा। उन्होंने बताया कि चेक पोस्टों पर ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली, अपमानजनक व्यवहार और अनावश्यक चालान की शिकायतों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मोहन यादव, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को एक शिकायती पत्र भेजा गया है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि देशभर के हाईवे और चेक पोस्टों पर ट्रक चालकों से अवैध तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। परिवहन अधिकारी चालकों को दस्तावेजों के नाम पर अनावश्यक रूप से रोकते हैं और बदसलूकी करते हैं। इससे ड्राइवरों में भय, तनाव और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है, जो आत्मनिर्भर भारत और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मूल उद्देश्यों के खिलाफ है।

राजधानी में प्रशासनिक फेरबदल

# 11 तहसीलदारों व इतने ही नायब के तबादले, कलेक्टर ने बांटे काम

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 11 तहसीलदार और 11 नायब तहसीलदारों में काम का बंटवारा करते हुए उन्हें इधर से उधर किया है। रायसेन से ट्रांसफर होकर भोपाल आए हर्ष विक्रम सिंह की बैरागढ़ में पोस्टिंग की गई है। वहीं, आलोक पारे को हुजूर और दिलीप चौरसिया को बैरसिया भेजा गया है। हुजूर में पारे तहसीलदार और अनुराग त्रिपाठी अपर तहसीलदार होंगे। कोलार में यशवर्धन सिंह तहसीलदार और एनएस परमार अपर तहसीलदार होंगे। बैरसिया में भूपेंद्र कैलासिया अपर तहसीलदार की भूमिका में रहेंगे।**

वहीं, बैरागढ़ में खूनी प्रसाद पडोले को अपर तहसीलदार की जिम्मेदारी दी गई है। गोविंदपुरा में तहसीलदार सौरभ वर्मा और अपर तहसीलदार राजेश गौतम रहेंगे। टीटी नगर की कमान कुनाल रावल और अपर तहसीलदार सुनीता देहलवार होंगी। एमपी नगर में दीपक कुमार द्विवेदी तहसीलदार और अंकिता यदुवंशी को अपर तहसीलदार की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, शहर वृत्त में तहसीलदार करुणा कंडोतिया और अपर तहसीलदार दृष्टि चौबे की पोस्टिंग की गई है। दंडोतिया अब तक बैरसिया में पदस्थ थीं।

नायब तहसीलदारो में कोलार में अतुल शर्मा, बैरसिया में राजेंद्र त्यागी, बैरागढ़ में दिनकर चतुर्वेदी, गोविंदपुरा में दिनेश कुमार साहू, टीटी नगर में निधि तिवारी और एमपी नगर में दुर्गा पटले को




नायब तहसीलदार के तौर पर पदस्थ किया गया है।भू-अभिलेख की प्रभारी अधीक्षक पहले दुर्गा पटले थीं। जिन्हें एमपी नगर वृत्त में भेजा गया है। ऐसे में यह जिम्मेदारी अब अशोक सिंह को दी गई है। प्रभारी नायब तहसीलदार रामजी तिवारी को एडीएम उत्तर ऑफिस में अटैच किया गया है। नायब तहसीलदार अनामिका सराफ प्रसूति अवकाश पर है। उन्हें लौटने पर जिम्मेदारी दी जाएगी।

# एम्स में नए डायरेक्टर की तलाश अगस्त में खाली हो जाएगा पद



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राजधानी के एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह के अगस्त माह में 3 साल पूरे होने जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति साल 2022 में तीन साल के लिए की थी। यह कार्यकाल अगस्त माह में पूरा हो रहा है। ऐसे में अब उनके स्थान पर नए डायरेक्टर की नियुक्ति के लिए केंद्र ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पद प्रतिनियुक्ति, एग्रीमेंट या संविदा के आधार पर भरा जाएगा। आवेदन करने के लिए, उम्मीदवार के पास मेडिसिन, सर्जरी या पब्लिक हेल्थ और उनकी शाखाओं में स्नातकोत्तर योग्यता होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, कम से कम 10 साल का शिक्षण और अनुसंधान अनुभव के साथ पेशे में पच्चीस साल का अनुभव आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि डा सिंह के कार्यकाल में भोपाल एम्स ने कई नवाचार किये हैं और10 लाख तक ओपीडी पहुंची। हार्ट ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाएं शुरू हुईं।

टीचर्स की क्लास

आलोक शर्मा से एफआईआर दर्ज करने का आग्रह

# बैंकॉक से लापता ललित के परिजनों ने सांसद से लगाई गुहार

दोहपर मेट्रो, हिरदाराम नगर

संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का एक युवक ललित हरचंदानी पिछले तीन महीनों से बैंकॉक, थाईलैंड से अपने घर नहीं लौटा है, जिससे उसके परिजन गहरे सदमे और चिंता में हैं। ललित से कोई संपर्क न होने के कारण परेशान परिवार ने आज पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी और भाजपा नेता राकेश कुकरेजा के साथ मिलकर सांसद आलोक शर्मा को एक पत्र सौंपा है, जिसमें विदेश मंत्रालय से तत्काल मदद करने और मामले की जांच के लिए स्नढ्ढक्रदर्ज करने का आग्रह किया गया है।

परिजनों ने बताया कि ललित हरचंदानी (निवासी संतनगर) 7 अप्रैल 2025 को बैंकॉक, थाईलैंड से भारत लौटने वाले थे। ललित थाईलैंड में पिछले तीन साल से काम कर रहे थे और उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद वे वापस घर आ रहे थे। लेकिन 7 अप्रैल के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है, जिससे उनके परिवार में बेचैनी बढ़ती जा रही है।



**सांसद का आश्वासन–** ललित की पत्नी नीलम हरचंदानी ने सांसद आलोक शर्मा से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने सांसद से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और ललित का पता लगाने का आग्रह किया। सांसद आलोक शर्मा ने परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा, ÷मैं जनता का सेवक हूं और मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि 15 दिन के अंदर लापता ललित की जानकारी आपको दूंगा।÷ सांसद ने आगे बताया कि वह कल दिल्ली जा रहे हैं और इस संबंध में विदेश मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे। साथ ही, वे थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास को भी पत्र लिखकर ललित के बारे में जानकारी प्राप्त कर परिवार तक पहुंचाएंगे।

### जल्द कार्रवाई का आग्रह

इस अवसर पर ललित हरचंदानी के परिवार से उनकी माता सोनी हरचंदानी, पत्नी नीलम हरचंदानी और पुत्र मयंक हरचंदानी भी मौजूद थे। पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी और भाजपा नेता राकेश कुकरेजा ने भी परिवार का समर्थन करते हुए सांसद से जल्द से जल्द कार्रवाई का आग्रह किया।

# सीआर अधूरी, प्रमोशन पर मंडराया संकट

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गोपनीय चरित्रावली अधूरी होने के कारण प्रदेश के हजारों अधिकारी, कर्मचारियों के प्रमोशन पर संकट मंडरा गया है।

ये लापरवाही दोनों ओर से हुई। पहले तो संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों ने अपनी ही सीआर लिखने में आना–कानी की और समय लगा दिया। जब यह आगे के चरणों में बढ़ी तो वहां मूल्यांकनकर्ता अधिकारियों ने देरी कर दी है।

अब इस काम में तेजी लाई गई है, लेकिन जब कि सीआर 100 फीसद पूरी नहीं हो जाती तब तक संबंधितों के प्रकरणों को विभागीय प्रमोशन कमेटी में नहीं रखा जा सकता। ऐसे में कई के प्रकरण 30 जुलाई तक किए जाने वाले प्रमोशन से छूट जाएंगे।

**मंत्रालय से लेकर प्रदेश भर में हजारों अधिकारी, कर्मचारियों की सीआर अधूरी**

**बीते साल की है यह सीआर, अब तक नहीं की पूरी**

**जबकि 30 जुलाई तक दिया जाना है 9 साल बाद प्रहला प्रमोशन**

### 9 साल बाद 30 जुलाई पहली डेडलाइन

2016 से प्रमोशन नहीं मिला। इस बाता से अधिकारी, कर्मचारी नाराज है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इस नाराजगी को दूर करने का बीड़ा उठाया और प्रमोशन नियमों को हरी झंडी दी। उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स से कहा था कि जितनी जल्दी हो जाए, प्रमोशन दिया जाए ताकि नीचे के खाली होने वाले पदों पर नए सिरे से भर्तियां की जा सकें। इस आधार पर नए प्रमोशन नियम बनाकर उन्हें 19 जून से लागू किया है। सीएस अनुराग जैन ने उसके बाद ही पहली बैठक बुलाई थी, जिसमें एसीएस, पीएस, सचिव और विभागाध्यक्षों को 30 जुलाई तक प्रमोशन दिए जाने संबंधी निर्देश दिए हैं।

# भाजपा में बदलाव करीब, सीएम संग दिल्ली जाएंगे खंडेलवाल

**भोपाल।** भाजपा के नये प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन पहुंचे। उन्होंने महाकाल मंदिर में विशेष पूजा की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ, सांसद अनिल फिरोजिया भी मौजूद थे। अब वे जल्द दिल्ली जा सकता हैं। दरअसल भाजपा में नए प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के बाद जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी में बदलाव होगा। मोर्चा संगठनों को भी नए सिरे से गठित किया जाएगा। नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अपनी नई टीम बनाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, नई टीम में ज्यादातर चेहरे बदल जाएंगे। मोर्चा संगठनों में भी बदलाव की तैयारी है। गौरतलब है कि मौजूदा चार मोर्चा ऐसे हैं, जिनमें अध्यक्षों के पास दोहरी जिम्मेदारी होने के कारण वे अब संगठन में वक्त नहीं दे पा रहे हैं। इनमें ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष और उद्यानिकी व सामाजिक न्याय मंत्री नारायण कुशवाह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, किसान मोर्चा के अध्यक्ष और होशंगाबाद से सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नाम शामिल हैं। युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पवार भी कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। जानकारी के मुताबिक खंडेलवाल संभवतः कल 5 जुलाई को मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ दिल्ली जा सकते हैं। वे दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह, राजनाथ सिंह आदि से मुलाकात कर सकते हैं। इधर भाजपा में खंडेलवाल के आने के बाद तेजी से पार्टी के भीतर समीकरण बदलने के संकेत हैं और माना जा रहा है कि कई नये चेहरे भी अब संगठन के कामकाज में शामिल होंगे।

### एमसीयू में सोशल मीडिया में दक्षता एवं प्रबन्धन कौशल विकास कार्यक्रम शुरू

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल एवं पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन एवं के संयुक्त तत्वावधान में सोशल मीडिया के उपयोगकर्ताओं के लिए 4 एवं 5 जुलाई, 2025 को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए सोशल मीडिया में दक्षता एवं प्रबन्धन कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कंटेट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और शोधार्थियों के लिए महत्व पूर्ण सत्रों का आयोजन होगा इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सोशल मीडिया के क्षेत्र में कार्य कर रहे कंटेट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और शोधार्थियों के लिए महत्व पूर्ण सत्रों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलगुरू श्री विजय मनोहर तिवारी, पूर्व आइएएस श्री मनोज श्रीवास्तव एवं प्रो. बीके कुठियाला सोशल मीडिया में सक्रियता के महत्व पर उद्बोधन देंगे।

## मुख्यमंत्री निवास में निवेश प्रस्तावों पर चर्चा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के पदाधिकारियों ने भेंट कर निवेश प्रस्ताव की जानकारी दी। कंपनी भारत में मुख्य रूप से फ्रोजन आलू उत्पादों जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और स्नैक आइटम बनाती है। कनाडा की कंपनी भारत में अभी गुजरात के मेहसाणा में कंपनी किसानों से आलू खरीद कर अत्याधुनिक उत्पादन इकाई के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद निर्मित कर रही है।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग कर रहा जनसुनवाई

**भोपाल।** प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने आज व्हीआईपी स्टेट गेस्ट हाउस लालघाटी के सभागार में जनसुनवाई कर रहा है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर, सदस्य भुवन भूषण कमल जनसुनवाई करेंगे। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं सदस्य सीताराम यादव उपस्थित रहेंगे। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव देवेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग की 32 जातियों, दवेज, भोपा मनभाव, दमामी, हरिदास, कोहरी, फूलमाली (फूलमारी), कलार, जायसवाल, डउसेना, लोढ़ा (तंवर), गोलान, गौलान, गवलान, जादम, कुडमी, रूआला / रूहेला, अब्बासी के साथ सक्का, घोषी गवली और गोली है। इनके अतिरिक्त लिंगायत, महाकुल (राउत), थारवार, जमना लोधी, मनधाव डूकर, कोल्हाटी, घड़वा, झारिया, वोवरिया, मोवार, रजवार, सुत सारथी, तेलंगा, तिलंगा, गयार / परधनिया, बया महरा / कौशल, वया थोरिया, खरादी, कमलीगर, संतराम, शेख मेहतर को केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित करने के संबंध में जनसुनवाई आयोजित की गई है।



## संपादकीय

# बड़ी डील से पहले पेंच

अगले कुछ दिन कारोबार के नजरिये से बहुत अहम है क्योंकि नौ जुलाई से पहले बहुत सारे परिदृश्य बदल सकते हैं। लिहाजा भारत और अमेरिका की व्यापार समझौता वार्ता महत्वपूर्ण चरण में है। दोनों पक्ष इस समझौते के अंतरिम प्रारूप को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। कई मसलों पर द्विपक्षीय सहमति बन गई है, लेकिन कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर पेच फंसता नजर आ रहा है। अमेरिकी शुल्क नौ जुलाई से लागू हो जाने की संभावना के बावजूद भारत अपने हितों से कोई समझौता नहीं करना चाहता है। इस सिलसिले में वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव की अगुवाई में वाशिंगटन गए भारतीय दल ने इसके साफ संकेत दिए हैं। हालांकि, भारत चाहता है कि यह व्यापार समझौता जल्द से जल्द हो, लेकिन किसी दबाव में देश के हित की कीमत पर नहीं। इसमें दो राय नहीं कि अगर यह व्यापार समझौता सिरे चढ़ता है तो इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मगर, इसके लिए दोनों पक्षों को परस्पर हितों का सम्मान करना होगा, जो अमेरिकी पक्ष की ओर से फिलहाल कुछ मुद्दों पर नजर नहीं आ रहा है। दरअसल, अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में व्यापक पहुंच और शुल्क छूट की मांग कर रहा है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार तनाव के कारण अमेरिका अपने कृषि और डेयरी उत्पादों को भारत में निर्यात करना चाहता है। लेकिन भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारत में करोड़ों किसान अपनी आजीविका के लिए खेती में लगे हैं और उनकी खेती का आकार काफी छोटा है। भारत इन क्षेत्रों को लेकर संतुलित समझौते की मांग कर रहा है, ताकि ग्रामीण रोजगार और खाद्य सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे सुरक्षित रह सकें। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की एक रपट में भी भारत की इन चिंताओं का समर्थन कर इन्हें तथ्यों पर आधारित माना गया है। रपट के मुताबिक अमेरिका को कृषि और डेयरी क्षेत्रों में व्यापक पहुंच उपलब्ध कराने से भारत में कृषि पर निर्भर करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए इस चरण की वार्ता को इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका की ओर से लगाया गया 26 फीसद अतिरिक्त शुल्क नौ जुलाई के बाद लागू हो सकता है। अमेरिका ने इस साल दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे नब्बे दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका का दस फीसद मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 फीसद शुल्क से पूरी छूट की मांग कर रहा है। यहां गौर करने वाली बात है कि भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। ऐसे में अमेरिका को भारत की चिंताओं को लेकर गंभीरता से विचार करना होगा। अमेरिका डेयरी और कृषि क्षेत्र के अलावा मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन और पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क में भी रियायत चाहता है। वहीं, भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब अमेरिकी डालर से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 500 अरब डालर तक पहुंचाना है। यह बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी हो सकती है लेकिन भारत के लोगों की मूल आजीविका और अन्य उम्मीदों से जोड़कर इस पर आगे बढ़ने में ही बेहतरी है।

## आज का इतिहास

- 1776: अमेरिका के 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने फिलाडेल्फिया नगर में देश की स्वतंत्रता के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- 1789: ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेशवा और निजाम के साथ टीपू सुल्तान के खिलाफ संधि की।
- 1876: अमेरिकी आजादी के 100 साल पूरे होने पर फ्रांस ने उसे स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी तोहफे में दी।
- 1914: बर्दुन का युद्ध समाप्त।
- 1934: लियो जिलार्ड ने एटम बम के पेटेंट के लिए आवेदन दिया।
- 1946: फिलिपीन को अमेरिका से स्वतंत्रता मिली।
- 1947: ब्रिटिश पार्लियामेंट में द इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट बिल पेश किया गया। इसे ब्रिटिश पार्लियामेंट ने 18 जुलाई को पास किया। इसी के साथ भारत की आजादी का रास्ता भी साफ हो गया।
- 1960: अमेरिकी झंडे में 50वें सितारे को जोड़ा गया जो नए राज्य हवाई का प्रतिनिधित्व करता है।
- 1996: फ्री इंटरनेट ई-मेल सर्विस हॉटमेल की शुरुआत हुई। अगले ही साल इसे माइक्रोसॉफ्ट ने खरीद लिया।
- 1996: रूस में बोरिस येल्तसिन फिर चार वर्ष के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1997: नासा का मार्स पाथ फाइंडर सात महीने के सफर के बाद मंगल ग्रह पर पहुंचा।
- 1998: चेक गणराज्य की याना नावोत्ना ने विम्बलडन टेनिस का एकल खिताब जीता।
- 1998: जापान ने मंगल ग्रह के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्लेनेट-बी नामक अपना प्रथम अंतराग्रहिक मिशन भेजा।
- 1998: ब्रिटेन के एक पावरबोट %द केवल एंड वायरलेस एडवेंचर% ने 74 दिन 20 घंटे व 38 मिनट में यात्रा पूरी करके सबसे शीघ्र विश्व भ्रमण का रिकार्ड तोड़ा।
- 2001: भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों (बंदियों) की रिहाई के निर्देश दिए।
- 2003: पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हमला। 44 मारे गए।
- 2005: आस्ट्रेलिया में डाल्फिन की एक नई प्रजाति स्नबफिन खोजी गई।
- 2007: वेबसाइट सेंटिडो कॉमन के मुताबिक मैक्सिको के कॉर्लोस स्लिम दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने।
- 2008: लगभग आठ साल बाद चीन और ताइवान के बीच नियमित सीधी विमान सेवा शुरू।
- 1898: भारत के पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा का जन्म।
- 1916: हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नसीम बानो का जन्म।
- 1956: गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर का जन्म।
- 1997: बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी का जन्म।

# पहाड़ों की संवेदनशीलता को समझना भी जरूरी

■ पंकज चतुर्वेदी

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों कुदरत ने रौद्र रूप धारण किया है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से त्रस्त है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। कुल्लू और धर्मशाला जिलों में अनेक जगह बादल फटने की घटनाएं हुईं, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई है और अनेक लापता हैं। पिछले एक हफ्ते में कम से कम 30 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। कांगड़ा के खनियारा क्षेत्र में इंदिरा हाइड्रो प्रोजेक्ट के पास फ्लैश फ्लड में 20 मजदूर बह गए, जिनमें से कुछ के शव बरामद हुए हैं, बाकी की तलाश जारी है। कुल्लू की सेंज घाटी में तमाम पर्यटक फंसे हुए हैं। यहां बादल फटने से एक ही परिवार के तीन लोग बह गए। धर्मशाला-चतरो-गगल मार्ग और अपर शिमला क्षेत्र में त्यूणी-हाटकोटी मार्ग जैसे कई प्रमुख मार्ग भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अभी तो सावन-भादों आगे हैं। दुखद यह कि वैज्ञानिकों द्वारा इस बारे में दी गई ढेर सारी चेतावनियां फाइलों में बंद हैं। सरकारी महकमे अपने ढर्रे पर काम कर रहे हैं जबकि पहाड़ जलवायु परिवर्तन के विविध कुप्रभावों से ग्रस्त हैं।

इसी साल 14-15 फ़रवरी को आईआईटी, बॉम्बे में सम्पन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोधपत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से



ज्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस बैठक में दुनियाभर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता और न ही सरकार। नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रह गई।

यही हाल शिमला का हुआ जिसका स्थान इस सूची में 61वें नम्बर पर दर्ज है। प्रदेश में 17,120 स्थान भूस्खलन संभावित क्षेत्र अंकित हैं, जिनमें से 675 बेहद संवेदनशील मूलभूत सुविधाओं और घनी आबादी के करीब हैं। भूस्खलन की दृष्टि से किन्नौर जिला को सबसे खतरनाक माना जाता है। बीते साल भी किन्नौर के बटसेरी और न्यूगलसरी में दो हादसों में ही 38 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद किन्नौर जिला में भूस्खलन को लेकर भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण के विशेषज्ञों के साथ-साथ आईआईटी, मंडी व रुड़की के विशेषज्ञों ने अध्ययन किया है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक 'लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट' अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है।

लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए हैं। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगावाट की करचम और 300 मेगावाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है। एक बात और समझनी होगी कि वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की राज्य की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगें बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगाकर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। कहने को तो प्रदेश के 50 स्थानों पर आईआईटी, मंडी द्वारा विकसित आपदा पूर्व सूचना यंत्र लगाये गए हैं। लेकिन आपदाएं बताकर नहीं आतीं। कई शोध पत्र कह चुके हैं कि हिमाचल प्रदेश में अंधाधुंध जल विद्युत परियोजनाओं से चार किस्म की दिक्कतें आ रही हैं। पहला इसका भूवैज्ञानिक प्रभाव है, जिसके तहत भूस्खलन, तेजी से मिट्टी का ढहना शामिल है। यह सड़कों, खेतों, घरों को क्षति पहुंचाता है। दूसरा प्रभाव जलभूवैज्ञानिक है जिसमें देखा गया कि झीलों और भूजल स्रोतों में जल स्तर कम हो रहा है। तीसरा नुकसान है- बिजली परियोजनाओं में नदियों के किनारों पर खुदाई और बह कर आये मलबे के जमा होने से वनों और चरागाहों में जलभराव बढ़ रहा है। ऐसी परियोजनाओं का चौथा खतरा है, सुरक्षा में कोताही के चलते हादसों की संभावना। हमें उन परियोजनाओं से बचना है, जो हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस- 4 जुलाई, 2025

# सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव

■ ललित गर्ग

हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो 'एकता में शक्ति' की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है 'सहकारिता: एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लाना।' यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं।

सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने



में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है।

सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, 'मिलजुल कर काम करना' या 'आपस में सहयोग करना'। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है 'सभी के लिए एक, और एक सभी के लिए।'

भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके।

गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफे की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, भारत के संस्कारों में सहकारिता है।

आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत की सहकारिता सोच एवं मोदी सरकार की प्रतिबद्धताएं दुनिया के लिये एक प्रेरक मॉडल है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक ऐसा आंदोलन जो समाज को जोड़ने, ऊपर उठाने, संतुलित विकास और ग्रामीण जीवन को टिकाऊ बनाने की क्षमता रखता है।

यह दिन हमें स्मरण कराता है कि यदि हम साथ मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सहयोग ही सशक्तिकरण की कुंजी है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**जिस मनुष्य में लोभ है, उसे दूसरे दुर्गुणों की क्या आवश्यकता है।**

**- भतृहरि**

## निशाना

### अपनाएं अब हमको !



ले आओ अब हमको।
देंगे रोजगार ।।
होगा बंद पलायन।
सत्ता असरदार ।।
चुटकियों में कर देंगे।
रोटी का जुगाड़ ।।
हैं महत्व वोट का।
ना करें कबाड़ ।।
अपनाएं अब हमको।
इनको दें उखाड़ ।।
हैं लगे हम बरसो से।
हमारा भी जुगाड़ ।।
चाहिए बस हमको।
मौका एक बार ।।
हैं बांधे मुरेठा।
कस कमर तैयार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

### कलेक्टर ने किया सोहागपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत जमुनिया एवं पथरई का सघन दौरा, सफाई अभियान चलाये जाने के दिए निर्देश

# डेंगू मलेरिया रोकथाम के लिए किए जाए आवश्यक उपाय, दवाओं का छिड़काव एवं जल निकासी की सुचारू व्यवस्था भी हो : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने विकासखंड सोहागपुर के ग्राम पंचायत पथराई एवं जमुनिया का सघन भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने समग्र ई केवाईसी, पीडीएस ई केवाईसी, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्रेशन आदि की समीक्षा की। उन्होंने दोनों ग्राम पंचायत में शासकीय शालाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद भी किया साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की एवं उनके भोजन तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने इस दौरान पंचायत कार्यालय में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों से उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करें और उनका यथोचित निराकरण करें।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत जमुनिया पहुंचकर ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में पीडीएस ई केवाईसी की जानकारी ली। जेएसओ सोहागपुर द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 90त्न लोगों की ई केवाईसी की जा चुकी है परंतु 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की ई केवाईसी नहीं हो पा रही है। तत्संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया की शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जानकारी अद्यतन कर शासन स्तर पर भेजा जाए। साथ ही शेष बचे हुए हितग्राहियों की ई केवाईसी भी शीघ्र पूर्ण की जाए।

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की आवासीय पट्टे के लिए पति एवं पत्नी का नाम अभिलेख में दर्ज होना आवश्यक है। पट्टा वितरण की कार्यवाही करते समय शासन के दिशा निर्देशों

**कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंचकर बच्चों से किया आत्मीय संवाद, बच्चों को दी टॉफियां**

**चौपाल लगाकर सुनी ग्राम वासियों की समस्या, अधिकारियों को दिये समस्या समाधान के निर्देश**

का पूर्णतः पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

सरपंच जमुनिया द्वारा जानकारी दी गई की नल जल योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा चुका है एवं योजना के तहत जलापूर्ति निरंतर चालू है जिन स्थानों पर किसी भी प्रकार की समस्या अथवा रुकावटें आती हैं उन स्थानों पर आवश्यक सुधार कार्य करवा कर जलापूर्ति चालू कर दी जाती है। कलेक्टर ने उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए उन्हें समय पर जलकर जमा करने के लिए कहा। इस संबंध में उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर को निर्देशित किया कि हैंड ओवर की गई योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक कर जलकर जमा करवाया जाए। कलेक्टर ने सब इंजीनियर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सोहागपुर को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर नल जल योजना के तहत पानी नहीं पहुंच पा रहा है उन स्थानों का स्वयं निरीक्षण कर जलप्रदाय सुचारू करवाए।

ग्राम पंचायत पथराई के निरीक्षण के दौरान



कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिए की पीडीएस ई केवाईसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों का ईकेवाईसी करवाए जाने के लिए आधार केंद्र तक पहुंचाया जाए। उक्त संबंध में ग्राम पंचायत सचिव विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में आ रही समस्याओं तथा तकनीकी त्रुटियां की सूची तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश तहसीलदार सोहागपुर को दिए।

अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चौपाल लगाकर ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए यथा उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जमुनिया के ग्राम वासियों द्वारा बताया गया की मंदिर तक आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है जिसके कारण मंदिर जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ता है। उक्त संबंध में पटवारी द्वारा जानकारी दी गई की मंदिर का रास्ता निजी भूमि से होकर जाता है। तत्संबंध में कलेक्टर ने तहसीलदार, सचिव, जीआरएस तथा पटवारी को निर्देशित किया कि संबंधित किसान से समन्वय कर प्रयास करे कि वहां तक रास्ता सुचारू हो सके। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पथरई के ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि गांव में 11 केवी विद्युत लाइन गांव के बीच से निकली है जिससे कि दुर्घटनाओं की संभावना रहती है तथा पूर्व में भी लाइन के टूटने की दुर्घटना हो चुकी है। कलेक्टर ने एमपीईबी को निर्देशित किया की सुरक्षा नेट तथा इंसुलेटर जैसे सुधारात्मक उपाय कर आगामी 1 सप्ताह के अंदर उक्त समस्या को हल करें साथ ही उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए की इस संबंध में निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा एक सप्ताह पश्चात रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

ग्रामवासी राधेलाल द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन विगत 5 माह से बंद है तथा पेंशन की राशि उनके खाते में नहीं आ रही है जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर को निर्देश दिए की तकनीकी समस्या का समाधान करें तथा आधार समग्र ई केवाईसी कर पेंशन को सुचारू करवाया जाए। उन्होंने ग्राम वासियों की सड़क एवं आवागमन मार्ग की शिकायत के संबंध में पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि सर्वे कर प्रस्ताव तैयार किया जाए।

कलेक्टर ने इस दौरान दोनों ग्राम पंचायत में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय शालाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने पोषण ट्रैकर एप पर नाश्ते की, भोजन की तथा बच्चों की उपस्थिति की जानकारी नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान पोषण ट्रैकर एप खोलकर टीएचआर भोजन, उपस्थित, आदि की समीक्षा की। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि समय-समय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाता रहे जिसमें उन्हें बच्चों की पढ़ाई खेल तथा अन्य गतिविधियों की बारे में प्रशिक्षित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। कलेक्टर द्वारा सभी बच्चों को टॉफी भी वितरित की गई जिससे सभी बच्चों ने खुश होकर थैंक यू मैडम बोलकर कलेक्टर का अभिवादन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत जमुनिया के आंगनबाड़ी केंद्र की सैम श्रेणी में दर्ज बच्ची प्रांशी से बात भी की, तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि लक्ष्य तय कर बच्चों को सैम एवं मैम श्रेणी से बाहर निकाला जाए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत जमुनिया एवं पथराई की शासकीय शाला का निरीक्षण कर वहां पर दर्ज बच्चों की संख्या की जानकारी ली साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति के संबंध में डीपीसी एवं बीआरसी सोहागपुर को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाए साथ ही पूर्व वर्ष की भांति सीटी बजाओ बच्चे बुलाओ अभियान को प्रारंभ किया जाए। बच्चों के अभिभावकों को भी बच्चों की पढ़ाई के संबंध में प्रोत्साहित करें। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत जमुनिया की कक्षा छठवीं की छात्रा पुष्पा से बात की, छात्रा ने कलेक्टर को हिंदी की सुप्रसिद्ध कविता ÷खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी÷ भी सुनाई। उन्होंने इस दौरान आगामी भविष्य में बच्चों को किस क्षेत्र में आगे बढ़ाना है के संबंध में भी बच्चों से बात की। कलेक्टर ने डीपीसी को निर्देश दिए कि बच्चों की करियर काउंसलिंग की भी आवश्यकता होती है।

## विधायक ने किया पत्रकार भवन का निरीक्षण, 6 को केंद्रीय मंत्री शिवराज करेंगे लोकार्पण



**गंजबसौदा, दोपहर मेट्रो**

नगर में नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण 6 जुलाई को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया जाएगा। नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनिल यादव की स्मृति में पत्रकार भवन का निर्माण किया गया है। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया प्रभारी मंत्री लखन पटेल उपस्थित रहेंगे। अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन ,कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे,नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी की उपस्थिति में होगा। लोकार्पण से पूर्व गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने नवनिर्मित पत्रकार भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। उनके साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, भाजपा नेता जितेंद्र मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के नेता उपस्थित थे सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि नगर में मीडिया की सुविधा के लिए इस भवन का निर्माण हुआ है। एक बड़ा सेमिनार हाल बनाया गया है। जिसमें प्रेस कांफ्रेंस करने की सुविधा रहेगी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष नितेश नायक ने बताया कि भवन में पत्रकारों को वाई-फाई कंप्यूटर की सुविधा रहेगी। कॉन्फ्रेंस की सुविधा रहेगी। जिसमें छोटे सेमिनार भी आयोजित किया जा सकते हैं। भवन में रेस्ट रूम, किचन लेट बाथ भी बनाया गया है। भवन में बाहर से आने वाले मीडिया कर्मीयों को रुकने की सुविधा भी दी गई है।

## सीएमएचओ ने नए जिला अस्पताल का भ्रमण कर वृक्षारोपण किया, निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को नर्मदापुरम नगर में आईटीआई रोड पर बन रहे निर्माणाधीन जिला अस्पताल का सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत द्वारा निरीक्षण किया गया, सीएमएचओ डॉ गेहलोत ने निर्माण कार्य में लग रही सामग्री एवं साइड इंजीनियर से सामग्री गुणवत्ता की रिपोर्ट को देखा, सीएमएचओ ने नए जिला अस्पताल में 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक यूनिट एवं 150 बिस्तरीय एमसीएच यूनिट का बारीकी से अवलोकन किया जो संभवतः माह अक्टूबर 2025 में बनकर पूर्णतः तैयार हो जाएंगे,नए जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक यूनिट स्थापित होने से कोविड जैसी महामारी के कारण पूरे अस्पताल में अन्य स्वास्थ्य



गतिविधियां निरंतर रहेंगी एवं कोविड या अन्य महामारी से प्रभावितों को सीधे इस ब्लॉक में उपचार किया जा सकेगा, इस ब्लॉक में रेडियोग्राफी जैसी जांचे होने के कारण इमरजेंसी मरीज को सीधे इस ब्लॉक में ले जाया जाएगा जिससे अस्पताल का अन्य हिस्सा इससे अलग होगा जिस कारण जिला अस्पताल में प्रदान की जाने वाली अन्य सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी, डॉ गेहलोत द्वारा नए जिला अस्पताल में पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्य किया गया, इस अवसर विभागीय उपयंत्री, कार्यालयीन स्टाफ के साथ साथ अस्पताल के निर्माण कार्य लगे साइड इंजीनियर उपस्थित रहे।

## ग्राम 27मील पर वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह पीसी गुप्ता के निर्देशानुसार तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला दमोह ज्ञानेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के संबोधन में ग्राम 27 मिल मे किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि पर्यावरण व्यक्ति, समाज और अर्थव्यवस्था के बीच एक जटिल और परस्पर निर्भरता वाला तंत्र है। इसे सुरक्षित रखना न केवल धरती और जीवों के लिए ज़रूरी है, बल्कि मानवीय प्रगति, स्वास्थ्य और भविष्य-काल के संसाधन के लिए अनिवार्य भी है।पर्यावरण हमारे चारों ओर मौजूद जैविक और अजैविक तत्वों का समष्टिगत समूह होता है, जो किसी जीव के जीवन को प्रभावित करता है। इसके अलावा उपस्थित ग्रामीण जन के समक्ष नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर 15100 हेल्पलाइन नंबर कॉल करने को कहा शिविर मैं डिप्टी रेंजर सुशील श्रीवास्तव , अशोक कुमार दुबे वन विभाग का स्टाफ तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे

**मेट्रो एंकर** अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत कार्यक्रम आयोजित

# वृक्षारोपण के लिए किया जागरूक, किसानों को फसलों की दी जानकारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में 01 से 06 जुलाई 2025 तक अंर्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 03 जुलाई 2025 को उपायुक्त सहकारिता की उपस्थिति में महाराणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल रोहना में छात्र-छात्राओं को सहकारिता के सिध्दांत, सहकारी सोायटी के पंजीयन, निर्वाचन व कार्यकलापों की जानकारी दी गई व उनके समूह बनाकर डमी बोर्ड की कार्यवाही का प्रदर्शन उनसे कराया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पैक्स रोहना के प्रबंधक गोविंद एवं पैक्स सांवलखेडा द्वारा सहभागिता दी गई। कार्यक्रम पश्चात छात्र-छात्राओं को सोसायटी में विजिट करने हेतु आमंत्रित किया गया। विपणन सहकारी सोसायटी बानापुरा में उपायुक्त सहकारिता व शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में टी.एस.पी. व यूरिया का कांबिनेशन अपनाने, मूंग फसल के विकल्प में उड़द, मक्का लेने का सुझाव दिया गया।




कर्मचारियों को अन्य बहुउद्देशीय कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। पैक्स ब्यावरा एवं रैसलपुर में भी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हितेश साहू सहकारी निरीक्षक व शाखा प्रबंधक श्रीमती किरण तिवारी द्वारा सहभागिता की गई। उप अंकेक्षक जी.डी. पाल, सहकारी निरीक्षक श्रीमती कंचन सोनी व आँचलखेडा प्रबंधक सुश्री बीना द्वारा सी.एम. राइज हायर सेकेंडरी स्कूल आँचलखेडा में 150 छात्र-छात्राओं को सहकारी सिध्दांतों से परिचित कराते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया गया। चेतना उपभोक्ता भण्डार इटारसी में भी संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें वार्ड पार्षद शिव किशोर रावत द्वारा सहभागिता दी गई। शीतल महिला बहुउद्देशीय समिति भिलाखेडी एवं वैष्णव महिला बहुउद्देशीय समिति इटारसी में भी संगोष्ठी आयोजित की गई। उक्त सभी कार्यक्रमों में उपस्थित अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया व पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया।

## तेन्दूखेड़ा में होगा बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज का मंगल वर्षावास



**तेन्दूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा को धर्मनगरी ऐसे ही नहीं कहा जाता, यहां समय-समय साधु महात्माओं का सानिध्य सभी को मिलता रहता है,इसी क्रम में श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज तेन्दूखेड़ा की मंगल भावना इस वर्ष रही की तारण पंथ में विशिष्ट रूप से जिन्होंने वर्तमान में जन-जन तक 16 वी शताब्दी के महान संत आचार्य प्रवर तारण स्वामी की वाणी का प्रचार किया है, ऐसे इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज का पावन सानिध्य वर्षावास के रूप में हमे मिले, इस हेतु तेन्दूखेड़ा की सकल तारण तरण दिगम्बर जैन समाज की भावना को देखते हुये मंगल आशीर्वाद महाराज श्री का मिला,जिसके निम्मित कल धर्मनगरी तेन्दूखेड़ा में महाराज श्री का शुभ आगमन वर्षावास हेतु हुआ,सकल समाज द्वारा महाराज श्री की मंगल आगवानी ढोल बाजो के साथ की गई। तेन्दूखेड़ा में पहुँचकर बाल ब्रम्ह वसंत महाराज जी ने कहा कि- हम तेन्दूखेड़ा में जब भी आते है ऐसा प्रतीत होता है कि- हमारे अपने ही है,आपने भी जिस तरह इतने वर्षों की प्रतीक्षा के बाद यह अवसर पाया है,तो धर्म की जो सरिता तेन्दूखेड़ा में बहने वाली है,उसका आनंद ही अलग होगा।

## मोहर्रम पर निकला अखाड़ा, उस्तादों स्वागत, नौजवानों के दिखाए करतब

**नर्मदापुरम।** मोहर्रम की 7 तारीख़ को स्थानीय जुमेराती से या अली अखाड़ा निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ सराफा, मोरछली चौक , फ़ाज़िल मंज़िल से जयस्तम्भ होते हुए जुमेराती पहुँचा.अखाड़े मे नौजवानो ने अपने प्रदर्शन और कर्तब दिखाए. स्थानीय बड़ी सवारी फ़ाज़िल मंज़िल पर आज़ाद इस्लामिया कमेटी द्वारा अखाड़ो के उस्तादों का पुष्प माला से स्वागत किया गया जहाँ नौजवानो ने अपनी कला का शानदार मुज़ाहिरा किया। अखाड़े मे प्रमुख रूप से वाहिद सेठ , फैज़ान उल हक़, गुलाम मुस्तफ़ा , रिज़वान, खान, अखाड़ा गुलाम अली, बबलू भाइ, जफर भाई, शरीफ भाई , हाशिम खान ,गुलाम हैदर, मोहम्मद, फैज़ान खान, आमिर, मोहम्मद उमर, नूर मोहम्मद , इमरान खान, शाकिर खान, आदि उपस्तिथ थे.



## कब्रिस्तान मार्ग एवं पुलिया निर्माण के लिए कमेटी सीएमओ को दिया आवेदन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 मडिया घाट में स्थित कब्रिस्तान का रास्ता कच्चा है इस पर किसी का अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया कि कब्रिस्तान के मार्ग को पक्का किया जाए कब्रिस्तान का मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में या बरसात होने पर कीचड़ में तब्दील हो जाता है जिससे आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इस मार्ग में पड़ी मिट्टी चिकनी है जिससे यहां फिसल कर गिरने का खतरा बना रहता है क्योंकि मुस्लिम समाज के लोग हर सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार के दिन अपने पूर्वजों की दुआएं मगफिरत के लिए कब्रिस्तान जाते हैं और यदि किसी शव को जब कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले जाया जाता है तो यह खतरा बना रहता है कि फिसलन के कारण शव कहीं गिर ना जाए । इदरीस खान का कहना है कि शव को सम्मान जनक तरीके से कब्रिस्तान तक पहुंचने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि रास्ते में चौड़ी नाली पड़ती है जो की कच्ची है उसके बीच में पत्थर डालकर शव को कब्रिस्तान पहुंचाया जाता है ।





# कलेक्टर के निर्देशों का भी नहीं हो रहा पालन, कीचड़ में से गुजरने को मजबूर बच्चे, पुराने जमाने की याद हो रही ताजा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विकास के लिए करोड़ रुपए की राशि खर्च हो रही है फिर भी स्कूल आने जाने वाले बच्चों को कीचड़ में से शरबोर होकर गुजरना पड़ रहा है या फिर कागजों में ही विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है धरातल पर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है तभी तो हालात नहीं बदल रहे हैं।आज भी अधिकांश ग्रामीण बच्चों एवं स्कूल आने जाने वाले छात्र कीचड़ में से ही निकलने को मजबूर है।जबकि बारिश से पहले कलेक्टर ने विकास खंड के सभी

सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंच मार्ग को ठीक करवाने के निर्देशों दिए थे। विकासखंड में कलेक्टर को द्वारा दिए गए निर्देशों हवा में उड़ाया जा रहा है धरातल पर पालन करवाने वाले बेखबर हैं यह जानबूझकर अनदेखा कर रहें हैं। इसी का परिणाम है कि बरसात के बाद कीचड़ भरे रास्तों से स्कूली बच्चों को आना जाना पड़ रहा है छोटे-छोटे बच्चों को भी यहीं से निकालना पड़ता इसके कारण कई बार है कीचड़ में फसने से यहां गिर जाते हैं इस वजह से इनकी कॉपी किताब और ड्रेस भी खराब हो रहा है। छोटे-छोटे रास्तों की मरम्मत भी जिम्मेदार नहीं कर पाए इस कारण से परेशानी अब इनको हो रही है। अधिकांश ग्राम पंचायत को भी कोई चिंता नहीं है जबकि इनके लिए फंड मिलता है पर उसका उपयोग धरातल बना करते हुए कागजों में करके गोलमाल कर दिया जाएगा कागजों में विकास हो जाएगा। जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत को कीचड़ से मुक्ति दिलाने के लिए निर्देश पहले से ही मिले हुए हैं फिर भी इन्होंने ध्यान नहीं दिया मरम्मत करवाने की जिम्मेदारी ग्रामीण अंचलों में ग्राम पंचायतों की होती है काम करवाने के लिए जनपद के अधिकारियों का गांव में जाकर निरीक्षण करना था पर नहीं बच्चों के प्रीति इन लोगों ने कोई रुचि नहीं ली इस वजह से बारिश शुरू होते ही स्कूली छात्रों को दिक्कतों के बीच पढ़ाई करने के लिए आना जाना पड़ रहा है। ग्रामपंचायत अधर रेला में स्कूल तक जाने वाले रास्त कच्चा होने के कारण स्कूल के आगे और रास्ते में कीचड़ ही कीचड़ हो रही है इसके साथ यहां पर गंदा पानी बरसात का भरा हुआ है इस वजह से इनको बड़ी मुश्किलों का सामना करके अपनी पढ़ाई करने के लिए जाना पड़ा है ग्राम पंचायतों को कोई चिंता नहीं है। इसके अलावा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारियां ने भी इन रास्तों के बारे में अवगत कराया और समय से पहले इनकी मरम्मत करवाने के लिए समय रहते कदम उठने थे पर इन्होंने भी कोई ध्यान दिया इस वजह से ऐसी तस्वीर है ग्रामीण क्षेत्रों से सामने आ रही है। जिम्मेदारों की लापरवाही की सजा बच्चों को भुगतनी पड़ रही है। इसी तरह हबीबगंज के स्कूली बच्चों के साथ ही गांव वालों को भी कीचड़ में से ही स्कूली बच्चों को कच्चे रास्ते से निकलना पड़ा पक्का मार्ग बनवाने के लिए शासन के द्वारा लाखों रुपए की राशि ग्राम पंचायतों हर साल उपलब्ध कराई जा रही है फिर भी ऐसे हालात बने हुए जिनको देखकर पुराने जमा समय की याद आ जाती है। उस समय ऐसे मार्ग हुआ करते थे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से भी गांव को नहीं जोड़ा गया ग्रामीणों की शिकायत की और जन्मतिथि ध्यान नहीं दिया श्याम पटेल ने बताया कि कई सालों से हम लोग मार्ग बनवाने की मांग कर रहे हैं हमारे बच्चों को भी स्कूल कीचड़ में से ही जाना पड़ता है हमारी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है ज्यादा बरसात में तो गांव से निकलना मुश्किल हो जाता है।

### इनका कहना है

संबंधित स्कूल क्षेत्र के सीआरसी को भेज कर जांच करवाएंगे उसके बाद इन रास्तों की मरम्मत पंचायत से करवाएंगे।

**–ओमप्रकाश रघुवंशी बी आर सी**

स्कूल और आंगनबाड़ी तक आने जाने वाले रास्तों को ठीक करवाने निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। मैंने जनपद सीईओ को कड़ाई से इन रास्तों को ठीक करवाने के लिए निर्देशित किया है।

**– हर्षल चौधरी एसडीएम**

### झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की जान से कर रहे खिलवाड़

# सांई क्लीनिक में डॉक्टर की लापरवाही से 2 साल के बच्चे की मौत, हंगामा

### लापरवाही! क्या इसी तरह से होती रहेंगी गरीबों की मौतें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लटेरी विकासखंड में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है अभी हाल ही में गुरुवार को लटेरी नगर में एक निजी हॉस्पिटल सांई क्लीनिक का मामला जिसमें प्राइवेट डॉक्टर संचालक की लापरवाही से 2 साल के बच्चे देव कुशवाह की मौत हो गई है। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर घंटों प्रदर्शन किया। तदोपरांत पुलिस डॉक्टर को गिरफ्तार कर थाने ले गई है बीती रात को लटेरी नगर में संचालित सांई क्लिनिक के डॉक्टर संतोष साहू द्वारा बच्चे का उपचार किया गया था। जिसकी देर रात को मौत हो गई है। गुरुवार को विनोद कुशवाह अपने बच्चे देव कुशवाह उम्र महज 2 वर्ष परिजनों सहित कुशवाह समाज के लोगों ने डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार का कहना है। की डॉक्टर की गलत दवाई देने के कारण बच्चे की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। आरोपी डॉक्टर पर वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। साथ ही क्लिनिक








सील करने की भी मांग की है।

### एमबीबीएस की जगह झोलाछाप काट रहे चांदी

लटेरी नगर में लगभग दो दर्जन से डॉक्टर ऐसे हैं जिनके पास मेडिकल प्रैक्टिस के लिए किसी तरह की डिग्री और रजिस्ट्रेशन नहीं है। इनमें से कई लोगों के पास बैचलर आफ फार्मेसी की डिग्री है इसके सहारे उन्होंने अपना मेडिकल स्टोर खोला है पास ही खुद भी क्लीनिक भी चलाते हैं। कई के पास फार्मेसी तो छोड़िए किसी तरह की डिग्री नहीं है इसके बाद भी उन्होंने खुद के क्लीनिक खोल रखे हैं। ऐसे डॉक्टरों की भी अच्छी खासी संख्या है इनके पास आयुर्वेदिक होम्योपैथी या यूनानी की डिग्री है मगर वे एलोपैथी एमबीबीएस डॉक्टर की तरह इलाज कर रहे हैं। एक बड़ी संख्या इलेक्ट्रो होम्योपैथी में बैचलर डिग्री वालों की है। इलाज के इस तरीके को किसी सरकारी एजेंसी से मान्यता नहीं है। लोग इन डॉक्टरों से इलाज कराने के लिए इसलिए मजबूर है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है यदि डॉक्टर हैं भी तो है समय पर मौजूद नहीं रहते हैं।

### झोलाछाप डॉक्टरों ने कुकुरमुत्तों की तरह खोल रखे हैं क्लीनिक

लटेरी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों ने नगर बाग ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से क्लीनिक खोल रखे हैं वास्तविकता देखी जाए तो लटेरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों कुकुरमुत्तों की तरह पैर फसार लिए हैं इनके द्वारा धड़ल्ले से मरीज का इलाज किया जा रहा है और मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं

### सीएमएचओ से लेकर बीएमओ तक होती है सेटिंग

लटेरी में फर्जी तौर पर निजी क्लीनिक संचालित कर रहे झोलाछापों की सेटिंग इतनी तगड़ी रहती है कि स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी इन पर कार्रवाई करने से डरता है। दरअसल बताया गया है कि जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी तक इन डॉक्टरों के यहां से हर माह चंदा भेजा जाता है। जिससे इन डॉक्टरों को मरीजों का इलाज करने का लाइसेंस प्राप्त हो जाता है। दोपहर मेट्रो द्वारा इस संबंध में खबर का प्रकाशन कई बार किया जा चुका है। लेकिन इस खबर का प्रशासन पर कोई असर नहीं हुआ है। लटेरी एसडीएम से लेकर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सब अपनी आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हुए हैं। किसी को भी गरीब जनता के जीवन की परवाह नहीं है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मसाला डोसा से सैम्पल लिए



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आम नागरिकों की सेहत को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठान होटल रेस्टोरेंट में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थ के सैंपल लेने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिले में लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। आज गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलीन ई पन्ना एवं श्रीमती कुदसिया खान ने विदिशा नगर के स्वामी विवेकानंद चैराहा स्थित अशोक मसाला डोसा का औचक निरीक्षण किया तथा संदेह के आधार पर डोसा बनाने में प्रयुक्त किए जाने वाले रॉ-मटेरियल पनीर, चावल आटा जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं। उक्त सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। तदोपरांत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 05 जुलाई

**सिरोंज।** विदिशा समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन हेतु किसान पंजीयन हेतु अंतिम तिथि पांच जुलाई निर्धारित की गई है। किसान भाइयों से अपील की गई है कि पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था स्वयं के मोबाईल एमपी किसान एप के माध्यम से, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर एवं पूर्व वर्ष की भांति विपणन सहकारी समितियों द्वारा (सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। संचालित 11 पंजीयन केन्द्रों पर किये जा रहे है। जो विकासखण्डवार निम्नानुसार है विदिशा में विपणन सहकारी समिति मर्या0 विदिशा और सेवा सहकारी समिति मर्या. रंगई, सिरोंज में विपणन सहकारी समिति मर्या0 सिरोंज, कुरवाई में विपणन सहकारी समिति मर्या0 कुरवाई और सेवा सहकारी समिति मर्या. कुरवाई, नटेरन में विपणन सहकारी समिति शमशाबाद, बासौदा में विपणन सहकारी समिति मर्या0 बासौदा-01 और विपणन सहकारी समिति मर्या0 बासौदा -02 लटेरी मेंविपणन सहकारी समिति मर्या0 लटेरी, ग्यारसपुर और विपणन सहकारी समिति मर्या0 ग्यारसपुर और सेवा सहकारी समिति मर्या. बरींघाट शामिल हैं। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था 50 रूपये के साथ एमपी ऑनलाईन, कियोस्क, लोकसेवा केन्द्रों एवं कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर , निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर, कैफे पर भी के साथ कराये जा सकते है।

## शहर में 10 स्थान पर होने लगा आधार का काम भीड़ छटी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पिछले कई महीनो से आधार सेंटरों की संख्या कम होने के कारण भीड़ लग रही थी गुरुवार से एक दम से 10 केदो पर आधार का कार्य होने लगा तो केदो पर जो लंबी-लंबी लाइन लग रही थी वहां सब गायब हो गई और आसानी से लोग अपना काम करवाने के लिए आधार केंद्रों इन इंतजार भी नहीं करना पड़ा नहीं तो उससे पहले एक केंद्र पर 60 से 70 लोगों का काम हो रहा था तीन जगह काम होने से परेशानी हो रही थी अधिकांश लोग सुबह से शाम तक लाने में लगने के बाद मायूस लौट जाते थे। गुरुवार को कोई खाली हाथ नहीं हुआ लौट कई केदो पर थोड़ी देर के बाद इक्का-दुक्का लोग ही पहुंच रहे थे। एसडीएम हषर्ल चौधरी ने इन आधार केंद्रों बढ़वाने के लिए लगातार कदम उठाया उसका परिणाम जनता के हित में सामने आ रहा है केंद्र बढ़ने से




ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि कई सुबह से अपना काम छोड़कर आधार की लाइनों में लग जाते थे। शाम को पता चला कि इनका नंबर नहीं आया है और खाली हाथ घर लौटाना पढ़ता था। पथरिया में भी आधार सेंटर शुरू करवाने के लिए एसडीएम प्रयासरत है। आधार का काम करवाने के लिए आए राकेश ने बताया कि दो दिनों से परेशानहो रहा था मुझे कोई परेशानी नहीं हुई। इसी तरह लताबाई ने बताया कि घर का काम छोड़कर हमें आना पड़ रहा था केंद्र बढ़ने से सभी की परेशानी दूर हो गई।

### पौने 4 लाख पौधे लगा कर विदिशा प्रदेश में अव्वल

सिरोंज। विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की निगरानी व मार्गदर्शन में क्रियान्वित एक पेड़ मां के नाम अभियान में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल है। जिले में इस वर्ष अब तक 3 लाख 77 हजार 695 पौधे 27 साइड पर लगाएं जा चुके हैं। गौरतलब हो कि जिले में 9 लाख 61 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वनमंडलाधिकारी ने जिले को टॉप पर बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी जो टारगेट दिए है उसके अनुसार रोपण कर mer-ilife पोर्टल पर जरूर अल्पलोड कर कोई समस्या हो तो 7000912324 से संपर्क कर सकते हैं

### गौशाला उन्नयन के लिए विशेष पहल : विधायक श्री टण्डन

# गौ-शालाएं आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर हो : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय गौशाला सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें गौ-संचालको का प्रबोधन के माध्यम से गौशालाओं के संवर्धन हेतु नवीन सुझावो को सांझा किया गया है। कार्यक्रम का शुभांरभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टण्डन व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में और प्रभारी मंत्री लखन पटेल के मार्गदर्शन में जिले में गौशालाओं को आत्म सबल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में गायो के महत्व को रेखांकित किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा गौ-शालाओं के उन्नयन हेतु विशेष पहल की जा रही है इस पहल में हरेक नागरिक अपना सहयोग देकर प्रदेश में विदिशा जिले को अग्रणी कर सकता है उक्त आश्य के विचार विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने गुरूवार को आयोजित जिला स्तरीय गौ-शाला संचालको का प्रबोधन कार्यक्रम में व्यक्त किए






है। उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा के लिए हम सबका नैतिक दायित्व है ऐसे ही गायपालको को भी ध्यान रखना होगा कि दूध निकालने के उपरांत उन्हें खुले में ना छोड़े। कई बार सड़को पर बैठे गौवंश के कारण अनेक प्रकार की दुर्घटनाएं हो जाती है जिसमें जन और पशु चोटिल हो जाते है।

विधायक श्री टण्डन ने प्राचीनकालीन व्यवस्था को रेखांकित करते हुए कहा कि गायो के लिए पहले पूरा परिवार समर्पित रहता था और घर के सभी सदस्यों को अलग-अलग काम बटे हुआ करते थे किन्तु धीरे-धीरे आधुनिकता के परिवेश में अब हम पहले जैसा ध्यान ना देकर गौवंश को खुले में विचरण हेतु छोड़ देते हैं। उन्होंने गौ-शालाओं के संवर्धन हेतु किए जाने वाले कार्यो को रेखांकित किया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत की कृषि समिति के सभापति धनराज सिंह दांगी ने भी सम्बोधित किया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की सभी 144 गौशालाओं में पानी, बिजली की सतत उपलब्धता बनाए रखने पर जोर देते हुए उन्होंने आदर्श गौशाला की रूपरेखा को रेखांकित किया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि गौशालाएं आत्म निर्भरता की ओर कैसे अग्रसर हो, उनकी आमदनी कैसे बढे, हरेक गौशाला में चारा प्रबंधन के स्त्रोत कैसे उन्नयन हो इस ओर विशेष प्रयास करने होंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गौ-शालाओं में रखे जाने वाले प्रति गौवंश के लिए अब हर रोज 40 रूपए की राशि जारी की जा रही है। उक्त राशि के साथ-साथ जनभागीदारी सामाजिक सहभागिता के माध्यम से हम जिले की गौ-शालाओं को कैसे सुदृढीकरण करें के लिए आपसी समन्वय जरूरी है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि नंदनी उपवन प्रत्येक गौशाला के एक हिस्से में स्थानीय छायादार वृक्ष जैसे पीपल, बरगद, फलदार आम, इमली, औषधी गुणो से युक्त वृक्ष जैसे नीम, बिल्ब, सहजन आदि का रोपण और संरक्षण करें। जिससे गौवंश को छाया सहित पेड़ो की पत्तियों से पोषण भी प्राप्त होता रहे। गौशालाओं मे संरक्षित प्रत्येक गौवंश की टैगिंग अनिवार्य रुप से हो। गौशालाओं मे एक पंजी रखें जिसमें नव प्रवेशी गौवंश, गुमशुदा व मृत गौवंश का पारदर्शी तरीके से प्रविष्टि हो। सभी गौवंश को टीकाकरण कराएँ। गौवंश, पशु चिकित्सक और स्वयं की सुरक्षा के लिए प्रत्येक गौशाला में ट्रेविस (कटघरा) लगवाएँ।

जिला स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन के शुभांरभ अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक श्री एनके शुक्ला ने पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में कुल 144 गौ-शालाएं संचालित हो रही है जिसमें से 132 शासकीय व 12 निजी गौशालाएं शांमिल है। जिले में सम्पन्न हुई 21वीं पशुगणना के प्रारंभिक रूझान अनुसार जिले में कुल 23 हजार गौवंश है। कार्यशाला में एमपी गौसंवर्धन बोर्ड भोपाल के डाक्टर विनीत तिवारी ने गौशाला व गौवंश प्रबंधन और आवश्यक अभिलेखो का संधारण कैसे करे को रेखांकित किया है। एमव्हीएससी मेडिसिन डॉ आरबी बघेल ने गौवंश को बीमारियों से बचाव के उपाय पर प्रकाश डाला है।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केएस खपेडिया ने गौवंश के पोषण एवं हरे चारे की उपलब्धता के प्रबंधो को रेखांकित किया है। कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के अधिष्ठाता डॉ विनोद कुमार गर्ग ने बहुवर्षीय चारा उत्पादन एवं संवर्धन पर और डॉ आशीष श्रीवास्तव ने चारा संरक्षण विधि एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला है। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन ने गौ-शालाओं के आत्म निर्भरता के उपायो को रेखांकित किया है।

फीफा क्लब वर्ल्ड कप

## मॉन्टेरी को 2-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा डॉर्टमुंड

**बोरूसिया।** बोरूसिया डॉर्टमंड ने अटलांटा के मर्सिडीज-बेंज एरिना में खेले गए राउंड-ऑफ-16 के रोमांचक मुकाबले में मॉन्टेरी को 2-1 से हराकर फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बोरूसिया डॉर्टमंड की ओर से सेरहो गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में दो शानदार गोल करके डॉर्टमंड को पहले हाफ में मजबूत बढ़त दिलाई। मॉन्टेरी ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की। जीसस कोरोना और एरिक एगुइरे के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जर्मन बटेर्रीमे ने 48वें मिनट में गोल किया। मैक्सिकन टीम ने अंतिम चरण में दबाव बनाया और लगातार आक्रामक दिखाते हुए डॉर्टमंड की कड़ी परीक्षा ली। जीसस कोरोना लगातार विपक्षी टीम के लिए खतरा बने हे। लेकिन गोलकीपर ग्रेगर कोबेल ने उनके कई प्रयासों को विफल कर दिया। सेरहो गुइरासी हैट्रिक बनाने से चुके- मॉन्टेरी की टीम ने जबरदस्त आक्रामक दिखाई लेकिन डॉर्टमुंड का डिफेंस काफी मजबूत रहा, जिसे मॉन्टेरी के खिलाड़ी भेद नहीं कसे । हालांकि गुइरासी के पास हैट्रिक बनाने का पूरा मौका था, लेकिन कुछ बेहतरीन अंतिम-डिफेंस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। फिलहाल इस जीत के साथ ही बोरूसिया डॉर्टमंड क्लब वर्ल्ड कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

## विंबलडन 2025: अल्काराज का विजयी अभियान जारी

# विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका और एम्मा राडुकानु भी तीसरे राउंड में पहुंचीं



**लंदन, एजेंसी**

**दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफ़ायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है।**

पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ़्रिट्ज़ ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ्फ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं।



पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजक़ोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़ ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।

## मंत्रालय बोला- हम किसी को नहीं रोकेंगे, पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों की एंट्री बैन की थी

# हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

7 एजेंसीभारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बावजूद हॉकी एशिया कप और जूनियर वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय के सूत्र नें कहा कि हम द्विपक्षीय सीरीज के खिलाफ हैं, लेकिन टूनार्मेंट के लिए हम किसी भी टीम को भारत आने से नहीं रोकेंगे। क्रिकेट एशिया कप पर फैसला अभी नहीं केंद्रिया मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में टीमें तनाव के बावजूद हिस्सा लेती हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध के बावजूद टूनार्मेंट खेल रहे हैं। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच 181 हॉकी मैच खेले गए। 82 में पाकिस्तान और 67 में भारत को जीत मिली। 32 मुकाबले ड्रॉ रहे।

हॉकी इंडिया ने कहा था- सरकार के निर्देश मानेंगे हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा था, पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर पिछले महीने ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है। दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा था। टूनार्मेंट चेन्नई और मदुराई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला



### वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप

नीदरलैंड के एम्सरटडैम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। एशिया कप में 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है।हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होगा।

## सुपरयूनाइटेड रैपिड शतरंज

# गुकेश ने प्रज्ञानन्दा को हराया खेल पर उठने लगे थ सवाल

**जाग्रेब , क्रोसिया ।** सुपरयूनाइटेड रैपिड के पहले दिन भारत के विश्व चैंपियन गुकेश डी ने लगातार दो जीत दर्ज करते हुए अच्छी शुरूआत की है । गुकेश को पहले राउंड में पोलैंड के यान डूड़ा से हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में एक बार फिर रैपिड में उनके खेल पर सवाल उठ ही रहे थे की उन्होने लगातार दो बाजियों में पहले फ्रांस के अलीरेजा को सफेद मोहरो से और फिर हमवतन प्रज्ञानन्दा को काले मोहरो से पराजित करते हुए शानदार वापसी की । गुकेश ने इन दोनों खेल में समय और आक्रामक शतरंज दोनों का उपयुक्त तालमेल दिखाया और यह जताया की वह इस फॉर्मेट में भी लगातार खुद को बेहतर कर रहे है । इस जीत के साथ गुकेश नॉर्वे के मैगनस कार्लसन ,पोलैंड के यान डुड़ा और यूएसए के वेसली सो के साथ 4 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर पहुँच गए है ।




प्रज्ञानन्दा के साथ गुकेश के मुकाबले पर सबकी नजरे थी और उन्होने ओपनिंग से ही केंद्र में मजबूत पकड़ बनाते हुए अपने खेल की मजबूती दिखाई। खासकर केंद्र में उनके प्यादे का खेलना खेल का मोड़ साबित हुआ। दूसरी ओर, प्रज्ञानन्दा की वजीर के हिस्से पर खेल की चालों ने कुछ हद तक संतुलन में लाने का मौका दिया, लेकिन समय की कमी में प्रज्ञानन्दा सही चाल नहीं खोज पाए। अंत में गुकेश ने अपने अनुभव और कुशलता का परिचय देते हुए एंडगेम में निर्णायक चालें चलकर जीत हासिल की। कल भी रैपिड में तीन राउंड खेले जाएंगे जिसमें गुकेश का सामना उज्बेक्सितान के अब्दुसत्तारोव , यूएसए के फबियानों करूआना और नॉर्वे के मैगनस कार्लसन से होगा जबकि प्रज्ञानदा जो फिलहाल दो ड्रॉ के साथ आठवें स्थान पर है उनका सामना भी फबियानों करूआना और मैगनस कार्लसन और नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



# पहली ही फिल्म नहीं हुई रिलीज; फिर भी ऑस्कर तक सफर, बॉलीवुड में भी छाए महान संगीतकार

बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके महान संगीतकार एम एम कीरवानी आज 64 वर्ष के हो गए हैं। उनका संगीत सिर्फ एक धुन नहीं, बल्कि एक अहसास है जो वर्षों से श्रोताओं के दिलों को छूता आ रहा है। दक्षिण भारत से लेकर हिंदी बेल्ट तक, कीरवानी ने अपनी धुनों से एक संगीतमय सफर तय किया, जो अब ऑस्कर और गोल्डन ग्लोब जैसे अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों तक पहुंच चुका है। एम एम कीरवानी का जन्म आंध्र प्रदेश के कोव्वुर में हुआ था। संगीत से उनका रिश्ता बहुत ही कम उम्र में जुड़ गया था। चार साल की उम्र में ही वायलिन सीखना शुरू कर दिया था। यहीं से उन्होंने तय कर लिया था कि अपने जीवन को वो सुरों के साथ ही जिएंगे।

संगीत की बारीकियों को उन्होंने मलयालम संगीत निर्देशक सी राजामणि और तेलुगु म्यूजिक डायरेक्टर के चक्रवर्ती से सीखा। 1987 में उन्होंने सहायक संगीत निर्देशक के रूप में करियर की शुरुआत की। हालांकि स्वतंत्र संगीतकार के रूप में उन्हें पहला बड़ा मौका फिल्म 'कल्कि' से मिला, लेकिन दुर्भाग्यवश वो फिल्म कभी रिलीज नहीं हुई। उनकी किस्मत तब बदली जब राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'क्षण क्षणम' (1991) आई। फिल्म के गानों ने उन्हें रातोंरात दक्षिण भारत का चर्चित संगीतकार बना दिया।

# जय भानुशाली संग तलाक की बात पर आग बबूला हुईं माही विज, बोलीं- 'क्या आप मेरे चाचा हैं?'

**टीवी की दुनिया के चर्चित कलाकार माही विज और जय भानुशाली के बीच शादीशुदा रिश्तों में कड़वाहट की खबरें फैल रही हैं। इसके अलावा तलाक की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। अब इन अफवाहों पर अभिनेत्री माही विज ने खुलकर बात की है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।**

**तलाक की अफवाहों पर बोलीं एक्ट्रेस** - माही विज हाल ही में हॉटरफ्लाई के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुईं। बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने अपने पति संग तलाक लेने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'अगर ऐसा है भी तो मैं आपको क्यों बताऊं? क्या आप मेरे चाचा हैं? क्या आप मेरे वकील की फीस देंगे? लोग किसी



के तलाक या अलगाव को इतना बड़ा मुद्दा क्यों बनाते हैं? मैं देखती हूं कि लोग मेरे कमेंट सेक्शन में लिखते हैं, माही तो अच्छी है, जय ऐसा है। फिर कोई और लिखता है, जय अच्छा है, माही ही ऐसी है। वे बस किसी को दोषी ठहराना चाहते हैं। क्या आपको सच भी पता है? आपको क्या पता है?'

**अभिनेत्री ने कहा- जियो और जीने दो**- आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'यहां लोग सिंगल मदर्स और तलाक को बहुत अलग तरह से देखते हैं। उन्हें लगता है कि अब ड्रामा होने वाला है, यह एक बड़ा मुद्दा बन जाएगा, दोनों एक-दूसरे पर कीचड़ उछालना शुरू कर देंगे। मुझे लगता है कि समाज की ओर से बहुत दबाव है। बस जियो और जीने दो।'

### एक नजर माही विज के करियर पर

टीवी एक्ट्रेस माही विज को लागी तुझसे लगन धारावाहिक में नकुशा के किरदार ने काफी पहचान दिलाई थी। इसके अलावा अभिनेत्री को बालिका वधू में नंदिनी के किरदार को भी खूब सराहना मिली। साथ ही आपको बताते चलें कि माही ने साल 2011 में टीवी एक्टर जय भानुशाली से शादी कर ली थी। दंपत्ति ने साल 2013 में डांस रियलिटी शो नच बलिए 5 में भाग लिया था और जीता भी था।



**मेट्रो बाजार**

# जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। गुरुवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई)




की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दशार्ता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दशार्ता है।

एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि कच्चे माल की लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्क के मुकाबले कम थी।' अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाजार की निरंतर मजबूती से सबसे ज्यादा फायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पैनल के सदस्यों के अनुसार, एशियाई, पश्चिम एशियाई और अमेरिकी बाजारों से विदेशी मांग में खास तौर पर सुधार हुआ।

# पहली छमाही में आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री दो प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख संपत्ति बाजारों में चालू कैलेंडर साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान घरों की बिक्री में दो प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, संपत्ति परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान कार्यालय स्थल पट्टे में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नाइट फ्रैंक ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में जनवरी-जून, 2025 के लिए भारतीय रियल एस्टेट बाजार के अपने आंकड़े जारी किए। आंकड़ों से पता चला है कि इस कैलेंडर वर्ष की पहली छमाही के दौरान आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,70,201 इकाई रही। इसके विपरीत, जनवरी-जून, 2025 के दौरान पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 41 प्रतिशत बढ़कर 4.89 करोड़ वर्ग फुट हो गई। पूरे 2024 के लिए सकल पट्टा गतिविधियां रिकॉर्ड 7.19 करोड़ वर्ग फुट रही थीं। पहली छमाही के दौरान मजबूत



प्रदर्शन को देखते हुए नाइट फ्रैंक को उम्मीद है कि पूरे साल में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग आठ-नौ करोड़ वर्ग फुट के नए उच्चस्तर पर पहुंच जाएगी। परामर्शक कंपनी ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में आठ शहरों में भारित औसत मूल्य में दो प्रतिशत से 14 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। नाइट फ्रैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि सभी आवास बिक्री में से 49 प्रतिशत मकान एक करोड़ रुपए और उससे अधिक कीमत के थे, जबकि 51 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपए तक थी।

# बुजुर्ग महिला की पेटी से 50 हजार रुपए की नगदी चोरी

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में अज्ञात बदमाश ने 65 साल की बुजुर्ग की पेटी में रखी पचास हजा रुपए की नगदी चुरा ली। बुजुर्ग महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार श्यामा बाई (65) मल्टी बी-10, बाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति का निधन हो चुका है और अकेली रहती है। उन्होंने अपनी पेटी में थोड़े-थोड़े रुपए जोड़कर कुल पचास हजार रुपए इकट्ठा किए थे। गत 25 जून को उन्होंने पेटी में देखा तो रुपए सुरक्षित थी। बुधवार शाम उन्होंने पेटी खोली तो उसमें रुपए नहीं मिले। इसके अलावा घर से कपड़े, स्टील के बर्तन, कंबल सहित न्य सामान भी नहीं था। किसी अज्ञात बदमाश ने कमरे का ताला तोड़कर नगदी और सामान चोरी किया है।



# तेज रफ्तार ऑटो ने सामने से आ रही कार को मारी टक्कर

**भोपाल।** गोविंदपुरा इलाके में एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार अनियंत्रित होकर बाउंड्री वॉल को तोड़ते हुए नीचे लटक गई, लेकिन बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस ने कार चालक महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार भारती निकेतन गोविंदपुरा में रहने वाली शशि गुप्ता चिकित्सा विभाग में अधिकारी हैं। बीती छब्बीस जून की शाम करीब सवा सात बजे वह अपनी कार से गौतम नगर की तरफ जा रही थी। भारती निकेतन मोड़ के पास मेन रोड स्थित एसबीआई के सामने पहुंची, तभी चेतक ब्रिज की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार आटो चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर पास ही खड़ी स्कूटरों से टकराती हुई बैंक के बगल वाली बाउंड्री वॉल को तोड़ते हुए नीचे की तरफ लटक गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। इस दौरान टक्कर मारने वाला आटो चालक मौके से भाग निकला। गुरुवार को शशि ने थाने जाकर अज्ञात आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

### ठेले पर फल खरीद रहे युवक को मारी टक्कर

**भोपाल।** हनुमानगंज स्थित पुरानी सब्जी मंडी के पास ठेले पर फल खरीद रहे एक युवक को तेज रफ्तार बोलेरो जीप के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार दीपेश कुमार गौड़ (33) नगर निगम कॉलोनी अशोका गार्डन में रहते हैं और एक सुपर स्टोर पर काम करते हैं। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह पुरानी सब्जी मंडी स्थित विजय ट्रांसपोर्ट के सामने ठेले पर फल खरीद रहे थे। इसी दौरान वहां पहुंची एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें पैर और पसली में गंभीर चोट आई है। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो चालक कार लेकर वहां से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# रंजिश में पिता पुत्र व रिश्तेदारों पर डंडे और कुल्हाड़ी से हमला

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव जमूसर कला में खेत में बुआई करने पहुंचे पिता-पुत्र और रिश्तेदारों पर तीन आरोपियों ने डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में सभी को चोट आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि हमले की वजह आरोपियों की रिश्तेदार की करंट से मौत की बात सामने आई है। दरअसल, आरोपियों का कहना था कि तुमने खेत में करंट लगाया था उससे हमारा रिश्तेदार मर गया था। पुलिस के अनुसार गोलू पिता हीरालाल मीणा (25) ग्राम देवलखेड़ा, पोस्ट जमूसर कलां में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह खेती-किसानी करता है। 2 जून बुधवार दोपहर वह अपने ट्यूबवेल वाला खेत ग्राम देवलखेड़ा पर बुआई करने गया था। उसके साथ उसके पिता हीरालाल मीणा, रिश्तेदार हमीर सिंह मीणा और नेतराम मीणा थे। सभी लोग खेत पर काम कर रहे थे। दोपहर करीब दो बजे लक्ष्मण शाक्य और जुझार सिंह अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा, जबकि मुकेश के हाथ में डंडा था। खेत में पहुंचकर वह गाली गलौज करने लगे। वह कहने लगे कि तुम्हारे भाई महाराज मीणा व परिवार के कारण खेत में करंट लगने से उनके रिश्तेदार संतोष शाक्य की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद तीनों ने कुल्हाडी व डंडे से मुझे और मेरे पिता हीरालाल, नेतराम, हमीर सिंह के साथ मारपीट की। कुछ देर बाद वहां सत्यप्रकाश शाक्य, अजय शाक्य, संजय शाक्य भी अपने हाथ मे डन्डा लेकर आये और उन्होंने भी डंडे से मारपीट की। मारपीट करने के बाद जाते समय आरोपी कहने लगे कि दोबारा खेत पर दिखे तो जान से खत्म कर देंगे।

### सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में अधिवक्ता आया नजर, कमला नगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# महिला की कार के टायर किए पंचर, चढ़ाई पर संतुलन बिगड़ा, शिकायत पर अश्लील कमेंट्स

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**कमलानगर थाना क्षेत्र में दुकान के सामने कार खड़ी करने से नाराज अधिवक्ता ने महिला की कार के चारों टायर पंचर कर दिए। महिला ने अधिवक्ता की थाने में शिकायत की तो अधिवक्ता ने उन्हें अश्लील कमेंट्स भी किए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अधिवक्ता पर छेड़छाड़, गैर इरादतन हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अधिवक्ता ने जानबूझकर फरियादिया की कार के चारों टायर पंक्चर कर दिए, जिससे वह खुशीलाल आयुर्वेदिक अस्पताल की घाटी पर दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बचीं।**

पुलिस के अनुसार कोलार निवासी 32 साल की महिला और उनके पति कमला नगर इलाके में एमपी ऑनलाइन शॉप का संचालन करते हैं। उनकी दुकान से कुछ दूरी पर ही अधिवक्ता राजकुमार का ऑफिस है। महिला अपनी कार दुकान के पास ही पार्क करती हैं। 31 मई को वह अपनी कार से 11 साल की बेटी को लेकर खुशीलाल आयुर्वेदिक अस्पताल की चढ़ाई से होकर जा रही थीं।

इस बीच कार के चारों टायर पंक्चर होने की वजह से उनकी कार का संतुलन बिगड़ गया। किसी तरह उन्होंने कार पर नियंत्रण किया और नीचे उतरकर देखा तो कार के सभी टायर पंचर थे। वे पंचर की दुकान पर पहुंची तो पंचर वाले ने बताया किसी भी कार के चारों टायर एक साथ पंक्चर नहीं होते किसी ने जानबूझकर टायर पंचर किए है।

महिला ने कमलानगर थाने जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एनसीआर काट दी थी। एनसीआर काटने के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। फुटेज में अधिवक्ता राजकुमार कार के चारों टायर पंक्चर करते दिखाई दिए।

महिला को जब इस बात की जानकारी हुई तो वह अधिवक्ता के पास पहुंची और कहा कि आपकी मुझसे क्या दुश्मनी है जो अपने कार के टायर पंक्चर कर दिए। इस पर अधिवक्ता ने महिला पर अश्लील कमेंट्स कर दिए। अधिवक्ता ने कहा कि आपसे बात करने का बहाना नहीं मिल रहा था इसलिए टायर पंक्चर किए थे।



### पीसी नगर मल्टी में पांच बाइक में लगाई आग

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पीसी नगर मल्टी में बुधवार तड़के अज्ञात बदमाश ने पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। इस आगजनी की घटना में 5 बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अजय कदंब पीसी नगर मल्टी में रहते हैं और प्राइवेट काम करते है। अजय का चचेरा भाई करन यादव ने मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे पीसी नगर मल्टी के नीचे पार्किंग में खड़ी की थी। इसके बाद रात करीब साढ़े 12 बजे तक बाइक सही सलामत थी। करीब पौने दो घंटे बाद करन यादव ने कॉल कर बताया कि नीचे खड़ी अपनी बाइक और आसपास खड़े बाइक में आग लगी है। अजय मौके पर पहुंचा तो उसकी बाइक सहित पांच बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। आगजनी की यह कोई पुरानी घटना नहीं है। यहां पूर्व में भी आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ठेले के पास खड़े स्कूटर सवार को बोलेरो ने मारी टक्कर

**बाल-बाल बचा स्कूटर सवार, मामूली चोट, बोलेरो के हेंड रेस्ट और सीट पर मिली देशी शराब**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया रोड पर अनियंत्रित बोलेरो वाहन ने फल के ठेले के पास खड़े स्कूटर सवार को टक्कर मार दी। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है।**



वायरल वीडियो में बोलेरो वाहन सड़क किनारे स्कूटर पर बैठे युवक को टक्कर मारते हुए ठेले में घुसते हुए नजर आ रही है। इस हादसे में स्कूटर सवार और ठेले वाले को मामूली चोट आई है। हालांकि स्कूटर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस ने स्कूटर सवार युवक की शिकायत पर बोलेरो चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

घटना के समय बोलेरो में चार लोग सवार थे। इनमें हंड्रेड डायल में पदस्थ कांस्टेबल भी था। पुलिस का कहना है कि पता लगाया जा रहा है कि हादसे के समय बोलेरो कौन चला रहा था। बोलेरो से हेंड रेस्ट और पीछे वाली सीट पर देशी शराब के क्वार्टर मिले हैं। पुलिस का कहना है कि हादसे के समय बोलेरो ड्राइव कर रहा ड्राइवर और उसमें बैठे सभी लोग शराब के नशे में धुत थे। पुलिस के अनुसार दीपेश गौड़ (35) अशोका गार्डन में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि वह काम से हमीदिया रोड गया था। वहां उसने ठेले से सामान खरीदा और स्कूटर पर बैठा था। दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट की बात होगी। सड़क पर आ रही बोलेरो गलत दिशा में आई और उसकी स्कूटर को चपेट में लेते हुए ठेले में जा घुसी। इससे उसे और ठेले वाले को चोट आई है।

### नशा इतना की बोलेरो रिवर्स नहीं कर सका ड्राइवर

हादसे के समय बोलेरो ड्राइव कर रहे युवक को इतना नशा हो गया था कि वह बोलेरो रिवर्स तक नहीं कर सकी। बोलेरो में पीछे बैठा एक युवक आया और उसने बोलेरो रिवर्स की। बोलेरो रिवर्स करने वाला युवक मध्य प्रदेश पुलिस का अपर पहने हुए था। थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि बोलेरो हंड्रेड डायल में पदस्थ कांटेबल की है। घटना के समय बोलेरो कौन चला रहा था उसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने फिलहाल तेजी और लापरवाही से बोलेरो चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है।

# इंस्टाग्राम पर प्रमोशन का झांसा, युवक का डेढ़ लाख का मोबाइल ले गया बदमाश




फाइल फोटो

**मोबाइल वापस मांगने पर मांग रहा था सात हजार रुपए, बाद में मोबाइल बंद किया**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

इंस्टाग्राम पर प्रमोशन करने का झांसा देकर एक युवक होटल संचालक के बेटे का डेढ़ लाख रुपए कीमत का आई-फोन लेकर रफूचक्कर हो गया। आरोपी ने दो होटलों समेत फरियादी की तीन संस्थानों का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर प्रमोशन करने का झांसा दिया था। बताया जा रहा है कि आरोपी इंस्टाग्राम इंफ्लूएंजर है। मंगलवारा पुलिस ने अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि अयोध्या बायपास निवासी पीयूष नागर (19) के पिता की मंगलवारा छावनी रोड पर इंडिगो होटल है। इसके अलावा भी शहर में उनकी एक अन्य होटल समेत दो संस्थान हैं। पीयूष नागर ने तीनों संस्थानों का इंस्टाग्राम पर प्रमोशन कराने के लिए अमन नामक इंफ्लूएंजर को बुलाया था। एक जुलाई से अमन संस्थानों के वीडियो बनाकर उन्हें एडिट कर रहा था। वीडियो एडिट करने के लिए उसने पीयूष नागर का आई-फोन ले लिया। पुलिस ने बताया कि विगत एक जुलाई को छावनी स्थित होटल में बैठकर अमन वीडियो एडिट कर रहा था। इस बीच खरीददारी के लिए पीयूष की भाभी का फोन आ गया। लिहाजा वह अपने कर्मचारी को बोलकर भाभी को खरीददारी कराने के लिए चला गया।

**मेट्रो एंकर** चूनाभट्टी पुलिस की कार्रवाई, 60 लाख की चोरी का माल बरामद

# दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवर चुराने वाले गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

चूनाभट्टी पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 18 लाख रुपए की नगदी और 400 ग्राम के लगभग सोना, सहित 2.3 किलो ग्राम चांदी जब्त की है। जब्त माल की कीमत 60 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग है, जिसे बाल सुधार गृह भेजा गया है। अन्य आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस के अनुसार उर्मिला जैन पति रमेश चंद्र जैन (65) कृष्णा हाउसिंग सोसायटी, चूनाभट्टी में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 24 जून को वह घर के दरवाजे पर ताला लगाकर पति के साथ मंडीदीप दुकान चली गई थी। शाम 8 बजे जब वापस घर लौटी तो दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही अलमारी में रखी ज्वैलरी एवं नगदी रुपए नहीं थे। पुलिस ने उर्मिला जैन की शिकायत पर नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास कुछ मकानों और घटनास्थल के आसपास आने-जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज में कुछ संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने फुटेज में दिख रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सन्नी हरवंश पिता प्रमोद पिल्लई (20) शबरी नगर, कमला नगर, प्रीति घोषी पिता लाखन सिंह घोषी (22) बंजारी थाना कोलार, शीतल पति प्रमोद पिल्लई (40) शबरी नगर थाना कमला नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपियों ने नकबजनी की वारदात करनी स्वीकार ली। आरोपियों ने ने बताया कि उनकी सह-आरोपी प्रीति घोषी द्वारा सूने मकानों की जानकारी उन्हें दी जाती थी, जिसकी सूचना के आधार पर उन्होनें उक्त मकान की रैकी कर घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के पास 18 लाख रुपए नगदी एवं 400 ग्राम के लगभग सोना, 2.3 किलो ग्राम चांदी जब्त की गई। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल एक एक्टिवा को भी जब्त की गई है।

# लोन दिलाने का झांसा दिया, जालसाज ने बेची किसान की 4 एकड़ जमीन

**बैंक में जमा करने के बहाने बही लेकर बना लिए फर्जी दस्तावेज**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खुद को बैंक का एजेंट बताकर एक जालसाज ने किसान की साढ़े चार एकड़ जमीन फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी को बेच दी। फरियादी ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए लोन के संबंध में जमीन की बही जालसाज को दी थी। बही के आधार पर ही आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। रातीबड़ पुलिस ने आरोपी जालसाज समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मुगालिया छाप निवासी पवन दोहरे (35) खेती-किसानी करते हैं। साल 2012 में उन्हें ट्रैक्टर खरीदना था। इस




सिलसिले में उनकी मुलाकात रेडिया कॉलोनी में रहने वाले चन्द्रशेखर बघेल से हुई। चन्द्रशेखर खुद को बैंक का एजेंट बताते हुए कहा कि वह आसानी से ट्रैक्टर खरीदने के लि बैंक से लोन दिला देगा। ट्रैक्टर के लिए लोन दिलाने के लिए उसने जमीन की बही मांगी। इस पर पवन के चाचा ने अपने भाई व परिवार के छह लोगों के नाम की जमीन की बही चन्द्रशेखर को दे दी। तब जालसाज ने कहा कि उसे एक व्यक्ति के नाम की जमीन की बही चाहिए। इस पर फरियादी पवन के पिता ने अपने नाम की जमीन की बही दे दी। पुलिस ने बताया कि कई माह भी जब चन्द्रशेखर ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए लोन नहीं दिलाया तो पवन दोहरे के चाचा ने अपनी बही मांगी। आरोपी जालसाज ने उन्हें भदभदा के पास बुलाकर मारपीट की। इस मामले में अजाक थाने में आरोपी चन्द्रशेखर के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज किया गया था। इस दौरान फरियादी को पता चला कि बही का पहला पेज फटा हुआ है। जांच करने पर खुलासा हुआ कि चन्द्रशेखर ने कोर्ट में जमानत के लिए बही का इस्तेमाल किया है। साल 2015 में पिता की मौत के बाद फरियादी पवन को पता चला कि आरोपी चन्द्रशेखर ने उसके पिता की साढ़े चार एकड़ जमीन बही के आधार पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी दिनेश मीणा को लाखों रुपए में बेच दी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022